# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


डिडोरी में कार डूबी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देरी से आए मानसून ने शुक्रवार को प्रदेश तरबतर कर दिया। इंदौर सहित हरदा, खंडवा और देवास में झमाझम बारिश हुई, जबकि राजधानी समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश के साथ सीहोर, सागर, जबलपुर, खंडवा और हरदा में करीब 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। वहीं ग्वालियर, रीवा, सतना, नीमच और मंदसौर में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। शाम के समय उज्जैन, रतलाम, छिंदवाड़ा और शिवपुरी में भी तेज बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी प्रदेश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है, लेकिन पूर्वी प्रदेश में अब भी सामान्य से 35 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। लगातार बारिश से दिन में पांच डिग्री और रात के तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से इंदौर में सबसे ज्यादा ढाई इंच (59 मिलीमीटर) बारिश दर्ज की गई, जो प्रदेश में सबसे अधिक रही।



बारिश से अधिकतर शहरों में गिरा दिन और रात का तापमान



भोपाल के करोंद इलाके का हाल

करीब 45 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी

# इंदौर में रिकार्ड ढाई इंच बारिश खंडवा-बड़वानी में 'रेड अलर्ट'

उज्जैन में शिप्रा नदी के तट डूबे

**शुक्रवार शाम तक कहां कितनी बारिश**

| शहर | मिलीमीटर |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 20 |
| रायसेन | 20 |
| रतलाम | 19 |
| धार | 12 |
| दमोह | 10 |
| जबलपुर | 07 |


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
04 जुलाई 2026
कूपन नं.
6


## खबर संक्षेप

### सुको ने सोनम की जमानत पर रोक से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एमएम सुंदेश और शील नागू की पीठ ने कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। आरोपी पहले ही जेल में समय बिता चुकी है और अब बाहर है।



### महिला डॉक्टर से बैड टच, किया प्रदर्शन

**सागर।** बीएमसी में एक महिला डॉक्टर से बैड टच और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना के विरोध में और गिरफ्तारी की मांग को लेकर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया।



### निधि चतुर्वेदी और किरार को कांग्रेस का नोटिस

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी को लेकर मप्र कांग्रेस ने सख्त रुख अपनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश महासचिव निधि चतुर्वेदी और महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका किरार को नोटिस जारी किया है।



### राजामौली का फ्रांस में सम्मान, 'वॉल ऑफ फिल्म मेकर्स' में शामिल

**नई दिल्ली।** 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी सुपरहिट फिल्म के डायरेक्टर एसएस राजामौली को फ्रांस में एक बड़ा सम्मान मिला है। उनका नाम प्रतिष्ठित 'वॉल ऑफ फिल्ममेकर्स' में शामिल किया गया। राजामौली ने सोशल मीडिया पर इस खास पल को शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। म्यूजियम का दौरा किया और उसी स्क्रीनिंग रूम में गए, जहां उनकी फिल्में 'ईगा' और 'आरआरआर' हाउसफुल दर्शकों के साथ दिखाई गई थीं। उन्होंने बताया कि इंस्टिट्यूट ल्यूमियर और कान्स फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर थिएरी फ्रेमो ने खुद उनका स्वागत किया।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : घटना के 26 दिन बाद संघ ने अपनी चुप्पी तोड़ी

# होसबाले बोले : रामभक्तों की आस्था को ठेस पहुंची, दोषियों को मिले कड़ी सजा

• होसबाले ने कहा कि इस घटना से संघ समेत पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इसे एक असाधारण घटना मानकर मंदिर प्रशासन और सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी का मामला 7 जून 2026 को सार्वजनिक रूप से सामने आया था, जिसे शुक्रवार को लगभग 26 दिन हो चुके हैं। इस मामले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पहली बार अपना बयान दिया है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने और मंदिर प्रबंधन में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। होसबाले ने कहा कि राम जन्मभूमि पर बना यह भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष, त्याग और करोड़ों भक्तों के समर्पण का प्रतीक है। यह पूरे हिंदू समाज की अटूट श्रद्धा का केंद्र है। इस पावन स्थल के दान पात्रों से चोरी होना बेहद दुखद है। उन्होंने साफ किया कि इस घटना से आरएसएस समेत पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस गंभीर मामले को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। इसे एक असाधारण घटना मानकर मंदिर प्रशासन और सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।



दत्तात्रेय होसबाले

हिंदू समाज से कहा- छवि खराब करने की साजिश विफल करें



» एसआईटी ने 33 लोगों से करीब तीन घंटे तक की सघन पूछताछ

» कांग्रेस का बयान- सच्चाई पर पर्दा डालकर संघ की छवि को बचाने का कुत्सित प्रयास

### कांग्रेस ने कहा- यह बयान सच सामने लाने के लिए नहीं

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बयान सच को सामने लाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी छवि बचाने के लिए दिया गया है। उन्होंने संघ पर सच्चाई को छिपाने का प्रयास करना का आरोप लगाया। आरएसएस के ट्वीट पर री-ट्वीट करते हुए पवन खेड़ा ने हमला बोला और कहा कि संघ भेड़ की खाल ओढ़े हुए भेड़िया है। होसबाले का यह बयान राम मंदिर के करोड़ों के चढ़ावे और दान की लूट का सच सामने लाने के लिए नहीं है बल्कि सच्चाई पर पर्दा डालकर संघ की छवि को बचाने का कुत्सित प्रयास है।



### 2 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी को लेकर एक बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। वह आगामी 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे। दिग्विजय ने स्पष्ट किया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं होगी और इसमें कांग्रेस का झंडा भी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।



### ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग की दान पेटियों के चढ़ावे पर उठे सवाल

**ओंकारेश्वर।** प्रसिद्ध ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की जाने वाली दान राशि के प्रबंधन को लेकर पारदर्शिता के सवाल उठने लगे हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व खंडवा जिला प्रशासन के निर्देश पर मंदिर में दान पेटियां स्थापित कर प्रबंधन समिति का गठन किया गया था।

वारसी नगर में रह रहा था यह युवक

## देवास से संदिग्ध युवक को गुजरात एटीएस ने उठाया

सोशल मीडिया पर कई नामों का इस्तेमाल करता था




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) गुरुवार को देवास जिले से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर गुजरात पहुंच गई। कार्रवाई स्थानीय पुलिस के सहयोग से की गई। फिलहाल, युवक से पूछताछ जारी है, लेकिन उसे किस मामले में हिरासत में लिया गया है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने 'हरिभूमि' को बताया कि गुजरात एटीएस एक संदिग्ध की तलाश में देवास पहुंची थी। गिरफ्तार युवक नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र के वारसी नगर इलाके में रह रहा था। उसका परिवार देवास और गुजरात, दोनों जगहों पर आता-जाता रहता था। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान मोहम्मद अम्मार के रूप में की जा रही है।

बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा दे रहे

## इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट पर केंद्र सख्त, मेटा को तलब करेंगे



इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई दी है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को मेटा को तलब करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को भारत में बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया। मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि ऐसे विज्ञापन कैसे-क्यों दिखे? उन्हें रोकने के उपाय क्या हैं और आगे ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे?

सीए फाउंडेशन के परिणाम जारी

### साक्षी जैन 92.75% हासिल कर बनीं ऑल इंडिया 'टॉपर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 20.09% रहा। नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक (92.75%) हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 का गौरव प्राप्त किया है। देश के 609 केंद्रों पर हुई इस परीक्षा में कुल 90,217 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।



■ 90,217 में 20.09% छात्र पास हुए

जबलपुर में साइबर ठगों का आतंक

### मोबाइल हैकिंग और फर्जी बैंक कर्मी बन 3.73 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शहर में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामलों में रांझी और खमरिया थाना क्षेत्रों में मोबाइल हैकिंग और फर्जी बैंक अधिकारी बनकर दो नागरिकों से कुल 3 लाख 73 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की वारदात सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



■ घटनाओं के बाद पुलिस की लोगों से अपील

ईपीएफओ के नए नियम आए

### 15 से यूपीआई और एटीएम से निकाल सकेंगे अब पैसा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के खाताधारकों के बीच इन दिनों एक बड़ी सुविधा को लेकर चर्चा तेज है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आगामी 15 जुलाई 2026 से पीएफ का पैसा सीधे यूपीआई और एटीएम के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। कयास यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस सेवा की शुरुआत करेंगे।



■ दावा पीएम मोदी करेंगे सेवा की शुरुआत

## खामेनेई को भारत ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

### भारत के 2 प्रतिनिधि शामिल, 40 देशों के दिग्गज नेता व 90 देशों से धर्मगुरु आए



9 जुलाई तक अंतिम संस्कार कार्यक्रम

**तेहरान।** ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए तेहरान में दुनिया भर के प्रतिनिधियों का तांता लगा हुआ है। 4 जुलाई से शुरू होकर 9 तक चलने वाले इस सप्ताह भर के अंतिम संस्कार कार्यक्रम से पहले, शुक्रवार को भारत से गए प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि (खिराज-ए-अकीदत) अर्पित की।

कृषिमंत्री चौहान ने की समीक्षा

### कॉन्टिंजेंसी प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन हो, नजर रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में खरीफ फसलों की बुवाई, मानसून की स्थिति, एल नीनो के संभावित प्रभाव, वर्षा की कमी से प्रभावित जिलों, कॉन्टिंजेंसी प्लान के क्रियान्वयन, उर्वरकों की उपलब्धता और खाद्यान्न भंडारण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को एल नीनो के संभावित प्रभावों पर लगातार निगरानी रखने और राज्यों में कॉन्टिंजेंसी प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**वर्षा की कमी वाले जिलों पर विशेष निगरानी करें**

चौहान ने कहा कि देशभर में वर्षा की कमी की आशंका वाले 262 संवेदनशील जिलों की पहचान की गई है। इनमें से 52 जिलों में हाल के दिनों में बारिश हुई है, जबकि 210 जिले अब भी वर्षा की कमी का सामना कर रहे हैं। इनमें 8 जिलों में अब तक नगण्य या बिल्कुल वर्षा नहीं हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलेवार प्लान को लागू करें, ताकि संभावित चुनौतियों का समय रहते सामना किया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने की कृषक कल्याण वर्ष के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा

खेती की लागत कम करना और किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता

# सरकार किसानों से सीधे करेगी संवाद, राजधानी से लेकर मैदानी स्तर तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने गतिविधियों को प्राथमिकता पर लिया जाना आवश्यक है। इसीलिए, वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। किसानों से सीधे संवाद के लिए राजधानी से लेकर मैदानी स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करें। किसानों के हित संवर्धन के लिए लागू कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषक कल्याण वर्ष के तहत अब तक हुए कार्यक्रमों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे।

किसानों को उन्नत नस्ल की गाय उपलब्ध कराने में निजी संस्थाओं का सहयोग लेंगे



सीएम और मंत्रीगण

### बलराम कृषि महोत्सव और संभागीय मुख्यालयों पर होंगे फूड फेस्टिवल

ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और किसानों के लिए ई-पासबुक सुविधा का शुभारंभ जुलाई में ही किया जाएगा। राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन का आयोजन भी होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी कार्यकर्ताओं तथा पशुपालकों को पुरस्कृत और सम्मानित करने के लिए उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### इंदौर में होगा सब्जी महोत्सव और एक्वाकल्चर मार्केटिंग सिंपोजियम

खरगोन में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन और कपास एवं मिर्च महोत्सव आयोजित करने की योजना है। अन्तर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर जबलपुर में कार्यक्रम होगा। जबलपुर में ही कुक्कुट पालकों और उद्यमियों का सम्मेलन आयोजित होगा। बुरहानपुर में केला महोत्सव, उज्जैन में हाईटेक नर्सरी और संरक्षित खेती पर कार्यशाला, सागर और रतलाम में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) का राज्य स्तरीय सम्मेलन, नीमच में उद्यानिकी में आधुनिक तकनीक पर कार्यशाला, इंदौर में सब्जी महोत्सव तथा एक्वाकल्चर मार्केटिंग सिंपोजियम और भोपाल पराली प्रबंधन पर कार्यशाला के साथ ही नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव के तहत राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन प्रस्तावित है।

## पंजाब में सियासत की आग भड़की, विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान

आर-पार के मूड में चन्नी

# हमें वडिंग मंजूर नहीं, किसी और को कमान नहीं दी तो हमारे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे

एजेंसी ▶▶ चेंडीगढ़

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान है। पूर्व सीएम और लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब में खेमे के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। चन्नी नेताओं के साथ दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। चन्नी ने एक कमेटी भी बनाई है जो आलाकमान से बातचीत करेगी। इसमें खुद चन्नी, राणा गुरजीत, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, ओपी सोनी और भरत भूषण आशू शामिल हैं। चन्नी को मौजूदा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग मंजूर नहीं हैं। वडिंग की जगह किसी और को कमान दी जाए। चन्नी ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं और मेरे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे।



### शक्ति प्रदर्शन बैठक में शामिल हुए कई नेता

शक्ति प्रदर्शन वाली इस बैठक में सुखपाल भुल्लर, मदनलाल जलालपुर,अंगद सैनी, लाड़ी शेरोवालिया, कीकी ढिल्लों, राणा गुरजीत , रमिंदर आवला, बरिंदर ढिल्लों, भारत भूषण आशु, सुख सरकारिया, बलवीर सिद्धू, टी बाजवा, बोलारिया, काका लोहगढ़, अजयपाल संधू, अजीतइंद्र सिंह मोफर, नाजर मांशाहिया, बलकौर सिंह सिद्धू और भूपिंदर सिंह साहोके और ओपी सोनी समेत कई वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शामिल हुए।

### समर्थकों ने मांगा प्रदेश अध्यक्ष का पद

कांग्रेस ने वडिंग को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बनाए रखने का फैसला किया।चन्नी को चुनाव अभियान समिति का प्रमुख नियुक्त किया था। चन्नी के समर्थकों की मांग है कि पूर्व सीएम को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए।

विपश्यना करने मान पहुंचे बेंगलुरु

# एक सप्ताह तक सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहेंगे, प्राकृतिक उपचार, योग- ध्यान करेंगे

पंजाब के सीएम भगवंत मान एक सप्ताह के प्राकृतिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम के लिए बेंगलुरु पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार वे करीब 7 दिनों तक एक निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में रहेंगे। इस दौरान प्राकृतिक उपचार, शरीर की शुद्धि, योग, ध्यान और विशेष खानपान के माध्यम से उनके स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पिछले कुछ समय से लगातार राजनीतिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक बैठकों और विभिन्न सरकारी गतिविधियों में व्यस्त रहे हैं। लगातार कामकाज और यात्रा के कारण उन्हें पहले भी थकान की शिकायत हुई थी। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें कुछ समय आराम करने और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी थी। इसी सलाह के आधार पर उन्होंने एक सप्ताह का यह स्वास्थ्य कार्यक्रम तय किया है।

### शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे

### इस दौरान विशेषज्ञों की निगरानी में रहेंगे



इस दौरान मुख्यमंत्री प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के तहत शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे। साथ ही योग, ध्यान और विशेष आहार योजना का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक ऊर्जा को बेहतर बनाना तथा व्यस्त दिनचर्या के बाद शरीर को फिर से सक्रिय करना है।बेंगलुरु स्थित निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में उनके रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों और विशेषज्ञों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। आवश्यकतानुसार उपचार और खानपान की योजना में बदलाव भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने अमरनाथ यात्रियों को दिए 5 संकल्प

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पत्र लिखकर 5 संकल्पों को अपनाने की अपील की है।



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, बाबा बर्फानी के दर्शन से जुड़ी श्री अमरनाथ यात्रा आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता का शाश्वत अध्याय है। मेरी कामना है यात्रा सुरक्षित और मंगलमय हो! 5 संकल्पों की अपील की।

### राहुल के बयान पर सत्यीकी ने किया केस

**नई दिल्ली।** विनायक दामोदर सावरकर को लेकर मामला फिर एक बार कोर्ट पहुंच गया है।



सावरकर के पोते सत्याकी सावरकर ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है। उन्होंने राहुल की टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया है। सत्याकी ने पुणे की कोर्ट में कहा कि ब्रिटिश जेल से रिहाई के लिए सावरकर ने कोई दया याचिका दायर नहीं की थी।

### आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट को मिले 3 अतिरिक्त जज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद श3 न्यायिक अधिकारियों को



आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि सीजेआई से सलाह-मशविरा कर राष्ट्रपति ने अतिरिक्त जज नियुक्त किया है।

### सीएम विजय के खिलाफ टिप्पणी, विधायक अरेस्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री और डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन को शुक्रवार को



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।यह मामला अथुर में एक सार्वजनिक सभा से जुड़ा है। इसमें डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन ने सीएम विजय के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।

### स्कूलों के पास एनर्जी ड्रिंक स्टिंग पर पाबंदी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एनर्जी ड्रिंक स्टिंग स्कूलों के पास बेचने पर रोक लगा दी है। महाराष्ट्र सरकार



के खाद्य और औषधि मंत्री नरहरि जिरवाल ने विधानसभा में यह ऐलान किया। उन्होंने बताया स्कूलों के 500 मीटर के दायरे के भीतर इस ड्रिंक की बिक्री पर रोक रहेगी। यह घोषणा मानसून सत्र के दौरान की गई।यह फैसला ड्रिंक में कैफीन अधिक रहने के कारण लिया है।

## बिरला ने बंगाल विस में नवनिर्वाचित विधायकों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कहा

# सार्थक चर्चा व समाधान खोजना ही एक आदर्श विधानसभा का लक्ष्य होना चाहिए

### 2 दिनी कार्यक्रम के पहले दिन कहा- आम लोगों की अपेक्षाओं पर ध्यान दें



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी आदर्श राज्य विधानसभा का मुख्य उद्देश्य सार्थक चर्चा करने और मुद्दों को पहचानने के अलावा, मौजूदा समस्याओं का समाधान खोजना भी होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम (परिचय कार्यक्रम) के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।उन्होंने कहा कि आम लोगों को विधायक से बहुत उम्मीदें और अपेक्षाएं होती हैं। विधायक की भूमिका, मौजूदा कानून और लोगों की उम्मीदें व हालात, ये सभी राज्य के विकास से जुड़े हैं। इसलिए, एक आदर्श विधानसभा वह जगह है जहां समाधान खोजे जाते हैं, चर्चाएं होती हैं और समस्याओं का समाधान किया जाता है। पुरानी सभी चर्चाओं और बहसों को अच्छी तरह से पढ़ा और समझा जाना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को सलाह दी कि वे राज्य विधानसभा के विभिन्न सत्रों के दौरान जानकारी पर आधारित चर्चाओं पर ध्यान दें और साथ ही सीखने की कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया में भी शामिल रहें।

### विधानसभा क्षेत्र के लोगों के फायदे के लिए कुछ नया सीखें

स्पीकर बिरला ने कहा कि आपको जानकारी के आधार पर मुद्दों और विषयों पर चर्चा करनी चाहिए। आपको अपनी टीम और देश का नेतृत्व करना चाहिए। आपको सीखना है और और अधिक सीखना है। आपके अंदर सीखने की इच्छा होनी चाहिए। सीखने की कोशिश हमेशा जारी रहनी चाहिए। आपको क्षेत्र के लोगों के फायदे के लिए कुछ नया करना सीखना चाहिए।





आयोजन के पहले स्पीकर बिरला को उपहार भेंट करते सीएम सुवेंदु

### डिजिटल लर्निंग पर ध्यान देने की भी सलाह दी

उन्होंने विधायकों को घटनाक्रमों से अपडेट रहने के लिए डिजिटल लर्निंग पर ध्यान देने की भी सलाह दी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि यह डिजिटल दुनिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। अब सब कुछ एक ही जगह पर उपलब्ध है। अगर आप चाहें, तो दूसरे देशों के बजट प्रस्तावों का भी अध्ययन कर सकते हैं।

### सीएम सुवेंदु के काम की तारीफ की

बिडला ने राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के तौर पर पहले दो महीनों में किए गए काम के लिए नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की तारीफ भी की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नए मुख्यमंत्री के पास एक विजन है। वह लोकतंत्र के दायरे में रहकर सब कुछ करने की बात कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री सुवेंदु ने कहा — 34 साल तक जो हुआ पार्टी इशारे पर किया, अब साथ मिलकर चलें

बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में विधायकों के लिए आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास के लिए सभी दलों को साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस मंच से उन्होंने पिछली सरकारों पर तीखा हमला करना भी नहीं छोड़ा। उन्होंने बड़ी ही परिपक्वता के साथ मुख्यमंत्री पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसने पूरे विपक्ष को भी सोचने पर मजबूर कर दिया सुवेंदु ने कहा कि राज्य को आगे ले जाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने मंच से कहा कि बंगाल की राजनीति में एक लंबा दौर ऐसा रहा है, जहां शासन सत्ता के गलियारों से नहीं बल्कि पार्टी दफ्तरों से चलता था। पहले 34 साल तक जो कुछ भी हुआ, वह सब पार्टी ऑफिस के इशारे पर हुआ और उसके बाद के 15 सालों के बारे में उन्होंने चर्चा करने से साफ इनकार कर दिया। सभी दंग रह गए।

### 'मर्यादा' का पाठ पढ़ा गए सुवेंदु

सुवेंदु ने पुरानी सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले की व्यवस्था में विपक्षी सांसदों और विधायकों का कोई सम्मान नहीं था। सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं में केवल अपनी पसंद के राजनीतिक दल के लोगों को ही बुलाया जाता था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# हलाल-3 तलाक अंतरात्मा को झकझोरने वाले काले पन्ने जैसे

रस्म रिवाजों में फंसा कर महिला के यौन शोषण की इजाजत नहीं दी जा सकती



एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

हाईकोर्ट ने कहा कि निकाह, हलाला और तीन तलाक जैसे रस्म -रिवाजों के चक्रव्यूह में फंसा कर महिला के यौन शोषण की इजाजत नहीं दी जा सकती। यह हमारे समाज का वह काला पन्ना है, जो संवैधानिक मूल्यों, समानता और मानवीय गरिमा की अवधारणा से कोसों दूर है। ये कृत्य न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि ये समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोरने वाले हैं। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने पीड़िता के पूर्व पति, चाचा, मौलाना समेत अन्य रिश्तेदारों की याचिका खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि व्यक्तिगत कानूनों की आड़ में अपराधों का संरक्षण नहीं किया जा सकता। प्रथम दृष्टया यह मामला नाबालिग संग सोची समझी रणनीति के साथ सामूहिक दुष्कर्म का है। इसकी गहन जांच जरूरी है।

### अमरोहा में निकाह के चक्रव्यूह में फंसाकर यौन शोषण किया

मामला अमरोहा के सैदनागली थाना क्षेत्र का है। एफआईआर के मुताबिक पीड़िता का निकाह 2015 में तब हुआ था जब वह महज 15 वर्ष की थी। इसके बाद तीन तलाक, फिर निकाह हलाला और पुनः निकाह के चक्रव्यूह में फंसाकर उसका लगातार यौन शोषण किया गया। पीड़िता का आरोप है कि 19 फरवरी 2025 को फिर से निकाह का झांसा देकर उसे हलाला के नाम पर दरिंदगी का शिकार बनाया गया। धार्मिक प्रथाओं का हवाला देते हुए आरोपियों ने अलग-अलग चार याचिकाएं दाखिल कर मुकदमा रद्द करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की। लेकिन कोर्ट ने तल्ख टिप्पणियों संग याचिका खारिज कर दी।

### आरोपियों की भूमिका कानूनों के खिलाफ रही

आदेश के अंत में कोर्ट ने कहा कि अब तक जो भी तथ्य सामने आए हैं, वे अंतरात्मा को झकझोर देने वाले हैं। यहां सभी आरोपियों ने ऐसे गिरोह के रूप में जो भूमिका निभाई, वह प्रथम दृष्टया देश के कानूनों के खिलाफ है। कुछ की भूमिका सहायक या षड्यंत्रकारी के रूप में हो सकती है, लेकिन विवेचना के इस प्रारंभिक स्तर पर उन्हें एफआईआर रद्द कराने की मांग करने का हक नहीं है।

## तेलंगाना में एसीबी की कार्रवाई

# डीएसपी के 16 ठिकानों पर छापे में मिली 200 करोड़ की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो ने पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज के डीएसपी




संकीरेड्डी भीम रेड्डी के घर पर छापा मारा। जांच में 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हुआ है। रेड्डी के घर समेत 16 ठिकानों पर तलाशी में 3.6 लाख नकद,एक घर से 40 लाख 2 किलो सोने के गहने, 20 किलो चांदी मिली है।

### कई फ्लैट, प्लॉट और खेती की जमीन मिली

तेलंगाना और कर्नाटक में फैली बड़ी संपत्तियों के दस्तावेज मिले। इनमें इब्राहिमबाग के वेसेला मीडोज में पेंटहाउस वाला लग्जरी जी प्लस 2 विला, गाचीबोवली, टेलीकॉम नगर और तेल्लापुर में 4 फ्लैट, नागोल और पटनचेरु में 3 खाली प्लॉट शामिल हैं। जी प्लस 5 कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में हिस्सेदारी, 3,000 वर्ग फीट की व्यावसायिक जगह और में 50 एकड़ खेती की जमीन आदि हैं।

## नागपुर में सड़क पर दबंगई पड़ी भारी

# पुलिस को पीटा, गाड़ी भी तोड़ी, 14 हुड़दंगी गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नागपुर

पुलिस ने 14 लोग को गिरफ्तार किया है। 28 जून को मनकापुर रोड पर एक मंदिर के पास मामूली यातायात विवाद हुआ। आधी रात को 8 बाइक सवारों ने कथित तौर पर सादे कपड़ों में एक यातायात पुलिसकर्मी पर हमला किया।

### सड़क पर बाइक सवारों ने किया तमाशा

एमआईडीसी शाखा में तैनात 35 वर्षीय पुलिसकर्मी कुणाल सिंह अपने घर जा रहे थे, तभी कई पीछे सवार लोगों के साथ बाइक सवारों का एक समूह मार्टिन नगर पुलिया से कुछ मीटर की दूरी पर उनकी कार के सामने खतरनाक तरीके से टेढ़े-मेढ़े रास्ते से चलने लगा। जब सिंह ने हॉर्न बजाकर उन्हें सचेत किया, तो बाइक सवारों ने पहले तो रास्ता दिया, लेकिन मनकापुर चौक की ओर तेजी से आगे बढ़ गए।

## 'खास महल' का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर शहर में एक 'खास महल' तैयार हुआ है। इस खास महल की भव्यता किसी राजमहल से कम नहीं है। प्रधानमंत्री 4 जुलाई को इसका उद्घाटन करेंगे। करीब 480 करोड़ की लागत से बने इस नए एयरपोर्ट की क्षमता हर साल 20 लाख यात्रियों को संभालने की है। इसका डिजाइन राजस्थान की शाही विरासत से प्रेरित है। प्रधानमंत्री इसी एयरपोर्ट से मॉडिफाइड उड़ान स्कीम की शुरू करेंगे।

## चढ़ावा चोरी पर खोला मोर्चा, दादर में हनुमान चालीसा का पाठ होगा

# कल से 'राम रक्षा आंदोलन' शुरू करेंगे उद्धव ठाकरे

### कहा- हिंदू अब उन्हें माफ नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में हुए चंदा चोरी पर अब उद्धव ठाकरे ने मोर्चा खोला है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर अब किसी और वजह से सुर्खियों में है। सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त हो रही है और इसे 'ऑपरेशन' का नाम दिया जा रहा है। क्या भाजपा 'ऑपरेशन राम मंदिर' चला रही है? चोरी तो हो रही है और इसके पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। राम मंदिर से चुराए गए पैसे का इस्तेमाल पार्टियों को तोड़ने में किया जा रहा है। हिंदू अब उन्हें माफ नहीं करेंगे। मैं खुद वहां मौजूद रहूंगा, शिवसेना के नेता और प्रतिनिधि भी होंगे। जिसने हिंदुत्व या बालासाहेब की विचारधारा को नहीं छोड़ा है, जो भी हिंदू है, उसे आना चाहिए। इस दौरान दादर में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।



### लोगों से आने की अपील की

उद्धव ने कहा कि हम आने वाले रविवार को यह पहल शुरू कर रहे हैं। हम 'राम-रक्षा' आंदोलन कर रहे हैं। सभी हिंदुओं से दादर में कबूतर खाना स्थित मारुति मंदिर के सामने इकट्ठा होने का आह्वान किया। वे सभी जो खुद को हिंदू मानते हैं, जो राम मंदिर में हो रही चोरी को बर्दाश्त नहीं कर सकते और जवाबदेही की मांग करना

### कटियार के दावे से हलचल तेज, चंपत जाएंगे जेल



भाजपा नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने कहा कि यह साफ है कि पैसे का गबन हुआ है। मैंने इस मामले पर पीएम मोदी से बात की। मैंने कहा कि सब ठीक हो जाएगा। चंपत राय, गोपाल राव अरेस्ट हो सकते हैं।

जन्मदिवस विशेष

# बागेश्वर धाम को नई पहचान देने वाले युवा संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**छतरपुर।** जिले की राजनगर तहसील का गढ़ा गांव आज बागेश्वर धाम के रूप में देश-विदेश में प्रसिद्ध है। इस पहचान के पीछे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। उन्होंने अपनी कथाओं, धार्मिक आयोजनों और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से इस क्षेत्र को नई पहचान दिलाई है।

साधारण परिवार से निकलकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कम उम्र में लाखों श्रद्धालुओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनकी श्रीराम कथा और हनुमंत कथा में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उनके सहज स्वभाव, सरल भाषा और बुंदेली शैली ने उन्हें जनमानस, विशेषकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाया है।



बागेश्वर धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निर्धन कन्या विवाह महोत्सव उनकी प्रमुख सामाजिक पहलों में शामिल है। श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजशाला की व्यवस्था तथा क्षेत्र में निर्माणाधीन कैंसर अस्पताल जैसी पहलें भी जनसेवा के प्रति उनकी सोच को दर्शाती हैं। बागेश्वर धाम में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या से स्थानीय व्यापार, पर्यटन और स्वरोजगार को भी गति मिली है।

जन्मदिवस के अवसर पर उनके अनुयायी देशभर में विविध धार्मिक और सेवा कार्यों का आयोजन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की कामना है कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री समाजसेवा, आध्यात्मिक जागरण और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के अपने प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाते रहें तथा बागेश्वर धाम की प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

*-राजीव शुक्ला*

ईरान ने साबित किया उसके दोस्त कम नहीं

दो देशों और 5 शहरों से गुजरेगी अंतिम यात्रा

ईरान के मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा

तेहरान में शुरू हुई सात दिन की अंतिम यात्रा

# खामनेई की विदाई से साफ संदेश...अकेला नहीं है हमारा देश, दुनिया के दिग्गज जुटे

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर सैय्यद आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में भारत समेत करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी और लाखों-करोड़ों लोगों की भीड़ को तेहरान अपनी ताकत और वैश्विक समर्थन के प्रदर्शन के तौर पर पेश कर रहा है। करीब चार महीने पहले निधन के बाद 3 जुलाई को पहली बार अली खामेनेई का पार्थिव शरीर आम लोगों के बीच लाया गया। तेहरान के मोसल्ला परिसर में अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के ताबूत रखे गए हैं। इसके साथ ही उनकी सात दिन की अंतिम यात्रा शुरू हो गई। यह यात्रा ईरान और इराक के पांच शहरों से होकर लगभग 3,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी और ईरान के मशहद शहर में समाप्त होगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।


तेहरान के मोसल्ला परिसर में आयतुल्लाह अली खामेनेई व अन्य परिजनों का ताबूत रखा गया

### 7 दिन चलेगा अंतिम संस्कार

*3-5 जुलाईः तेहरान में आम लोगों के लिए श्रद्धांजलि समारोह होगा। जहां लोग अंतिम दर्शन कर सकेंगे। 6-7 जुलाईः अंतिम यात्रा तेहरान के अलग-अलग इलाकों से गुजरते हुए कोम पहुंचेगी। कोम में खामेनेई ने तालीम हासिल की थी। 8 जुलाईः इराक के नजफ और कर्बला में सार्वजनिक अंतिम यात्राएं निकाली जाएंगी। 9 जुलाईः पार्थिव शरीर को वापस ईरान लाया जाएगा। उसी दिन मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।*

### भारत ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

'हरिभूमि' द्वारा पूछे गए एक प्रश्न में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल) सैय्यद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से विदेश विभाग के प्रमुख और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने भी खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की। उनके साथ ईसाई और हिंदू धर्म गुरु भी नजर आए।

### खामेनेई के साथ 14 महीने की पोती का ताबूत



*ईरान में अली खामेनेई के साथ जिन लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही है, उनमें उनके एक दामाद, उनकी सबसे बड़ी बेटी, 14 महीने की पोती और ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई की पत्नी शामिल थीं। 14 महीने की बच्ची जहरा मोहम्मदी गोलपायेगानी का छोटा सा ताबूत अली खामेनेई के ताबूत के बगल में रखा हुआ है। ताबूत के बगल में ही बच्ची की तस्वीर रखी हुई है।*

### खामेनेई के ताबूत पर लाल झंडा रखा



*खामेनेई के विदाई समारोह के दौरान उनके ताबूत पर मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह का लाल झंडा रखा गया। यह झंडा शिया परंपरा में शहादत, बलिदान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। यह प्रतीक इमाम हुसैन की करबला में हुई शहादत से जुड़ा है। ईरानी नेतृत्व खामेनेई की मौत को भी उसी तरह की शहादत के रूप में पेश कर रहा है। खामेनेई का अंतिम संस्कार 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह परिसर में किया जाएगा।*

### 2 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान

*खामेनेई का अंतिम संस्कार 3 से 9 जुलाई तक चलेगा। यह देश के इतिहास के सबसे बड़े राजकीय अंतिम संस्कारों में शामिल होगा। समारोह में 2 करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। अंतिम संस्कार में 40 से ज्यादा देशों के नेता और प्रतिनिधि, जबकि 90 देशों के धार्मिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। शुक्रवार को तेहरान की सड़कों पर सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गई। ईरान ने सोमवार को तेहरान के ऊपर हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद रखने का भी ऐलान किया है।*

### जंग के बाद एकजुटता का संदेश

*ईरानी अधिकारियों और समर्थकों का कहना है कि अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ यह दिखाती है कि हालिया युद्ध के बावजूद देश की जनता अपने नेतृत्व और व्यवस्था के साथ मजबूती से खड़ी है। सड़कों पर जुटे लोगों को ईरान शहादत को श्रद्धांजलि और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में पेश कर रहा है।*

## खबर संक्षेप

### यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत


**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई।



अधिकारियों के अनुसार, पेशावर जा रही बस बलूचिस्तान के शेरानी जिले को पार करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में 8 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, 6 जवान घायल

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से फिसल गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 6 जवानों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



### इबोला से अब तक 400 से ज्यादा हुई मौतें

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देशों के लिए इबोला संक्रमण गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (आईएनएसपी) की गुरुवार को जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 15 मई को बीमारी फैलने की घोषणा के बाद से संक्रमण की पुष्टि वाले 1,406 लोगों में से 438 लोगों की मौत हो चुकी है, यानी मृत्यु दर 31 प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। इस बीमारी के फैलने का मुख्य केंद्र उत्तर-पूर्वी इतुरी प्रांत था, यहां पर 83 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई हैं।



देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# डीएसी की बैठक में 52,000 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद को दी मंजूरी

तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता निगरानी व्यवस्था होगी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है।

डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, स्मार्ट मिसाइलों और उन्नत निगरानी प्रणालियों जैसे आधुनिक युद्धक साधनों पर भी तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

*रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है*



**खरीदी जाएंगी**

- *एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग'*
- *मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम*
- *जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली*

### हवाई खतरों को रोकने की बड़ी तैयारी

'आकाश तरंग' प्रणाली सेना की अग्रिम तैनातियों और महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को दुश्मन के ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करेगी। यह प्रणाली ड्रोन का पता लगाने, उन्हें बाधित करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। वहीं, एंटी-टैंक मिसाइल से इन्फेंट्री की ताकत बढ़ेगी। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली सेना की इन्फेंट्री टुकड़ियों को दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाएगी। इससे अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की मारक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और अत्यंत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, ड्रोन तथा अन्य हवाई खतरों को रोकने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद सेंसर प्रणाली काम करेगी

बहु-स्पेक्ट्रल सेंसर से लैस नई प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक बाधाओं के बावजूद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों की ओर आने वाली मिसाइलों और रॉकेटों को बीच रास्ते में ही नष्ट कर सकेगी। इससे युद्धक्षेत्र में टैंकों के सुरक्षित बने रहने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, नई पीढ़ी के जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम होंगे। ये अधिक गति, बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक क्षमता, अधिक मारक शक्ति और कम लागत के कारण भविष्य के युद्धों में महत्वपूर्ण होगी।

### नौसेना की भी बढ़ेगी ताकत

*भारतीय नौसेना के लिए बहु-प्रभावी समुद्री माइन, नौसैनिक जहाजों से संचालित मानवरहित हवाई प्रणाली तथा विद्युत प्रणोदन प्रणाली के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। बहु-प्रभावी समुद्री माइन दुश्मन के युद्धपोतों और नौसैनिक अभियानों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करने में मदद करेगी। इससे समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। उन्नत सेंसरों से लैस नई मानवरहित हवाई प्रणाली नौसेना को समुद्र में दूर तक निगरानी रखने, संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने और वास्तविक समय में जानकारी जुटाने में सहायता देगी। नई प्रणोदन प्रणाली के लिए स्थापित की जाने वाली परीक्षण सुविधा, नौसेना के भविष्य के जहाजों और प्रणालियों के परीक्षण तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

### ऊंचाई से होगी निगरानी


*वहीं, भारतीय वायुसेना के लिए फिक्स्ड-विंग आधारित उच्च ऊंचाई स्यूडो सैटेलाइट प्रणाली सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। यह अत्याधुनिक प्रणाली लंबे समय तक ऊंचाई पर रहकर खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, संचार सेवाएं उपलब्ध कराने और दूरसंवेदी कार्यों को अंजाम देने में सक्षम होगी। इससे वायुसेना को सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने में बड़ी सहायता मिलेगी।*

पीएम क्रिस्टोफर लक्सन बोले

# न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश

- **10-11 जुलाई को न्यूजीलैंड दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी**
- **न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुए एफटीए को देंगे नई दिशा**

एजेंसी ⏭ ऑकलैंड


पीएम मोदी और लक्सन फाइल फोटो

पीएम नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस पर न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है। पीएम लक्सन ने शुक्रवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश है। उन्होंने लिखा कि हम अप्रैल में हुए न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों देशों के रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इससे न्यूजीलैंड में अधिक रोजगार मिलेगा, निर्यात बढ़ेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। इससे 1.4 अरब की आबादी वाले भारतीय बाजार में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के नए अवसर खुलेंगे, जिससे न्यूजीलैंड के समुदायों में अधिक पैसा आएगा, नए रोजगार सृजित होंगे और आय में वृद्धि होगी।

### पिछले साल हुआ था यह समझौता

*बता दें कि पीएम मोदी 10 जुलाई को ऑकलैंड पहुंचेंगे और 11 जुलाई को वहां से रवाना होंगे। उनकी यह यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लगभग दो महीने बाद हो रही है। अप्रैल में भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के संबंध काफी मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और न्यूजीलैंड ने 16 मार्च 2025 को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत की घोषणा की और रिकॉर्ड 9 महीनों में इसे पूरा किया, जिसके चलते यह अब तक का सबसे तेजी से पूरा होने वाला मुक्त व्यापार समझौता बन गया। एफटीए पर हस्ताक्षर से न्यूजीलैंड में भारतीय निर्यात के लिए बाजार पहुंच और टैरिफ में छूट में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही यह विस्तृत ओशिनिया और प्रशांत द्वीप बाजारों के लिए एक प्रवेश द्वार के तौर पर कार्य करेगा।*

होनोलूलू पहुंचा पी-8आई विमान

## दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास में दिखाएगा भारत की समुद्री ताकत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का अत्याधुनिक लंबी दूरी का समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी विमान पी-8आई अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित होनोलूलू पहुंच गया है। यह विमान दुनिया के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय नौसैनिक युद्धाभ्यास 'रिम ऑफ द पैसिफिक' में हिस्सा लेगा। अभ्यास 1 जुलाई से शुरू हो चुका है और 31 जुलाई तक चलेगा। भारतीय नौसेना ने इस भागीदारी को 'ब्रिजेस ऑफ फ्रेंडशिप' (मित्रता के पुल) का प्रतीक बताया है। इस अभ्यास में भाग लेकर भारतीय नौसेना ने हिंद-




प्रशांत क्षेत्र में अपनी बढ़ती सामरिक भूमिका और क्षमता का स्पष्ट संदेश दिया है। नौसेना के अनुसार, यह भागीदारी स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराती है। साथ ही, मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ इंटरऑपरेबिलिटी, समुद्री निगरानी और संचालनात्मक सहयोग को और मजबूत करेगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की दो टूक

## आतंकवादी सिर्फ 'आतंकी' होता है हत्या की विचारधारा मिटाना जरूरी

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटना विश्व समुदाय के सामूहिक प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद को उचित ठहराने के लिए किसी भी शिकायत को आधार बनाए बिना इस 'हत्यारी विचारधारा' को जड़ से मिटाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया व कहा, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है। उन्होंने कहा कि भारत सीमा पार आतंकवाद का दशकों से शिकार रहा है। हमने इसकी भारी कीमत चुकाई है। आतंकवाद को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की बिना किसी हिचकिचाहट निंदा की जानी चाहिए। सदस्य देशों को इस संबंध में पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद से निपटने को लेकर दोहरे मानदंडों को खारिज करना चाहिए।



## 'बम-बम भोले' के जयकारों से अमरनाथ यात्रा शुरू



*श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए वार्षिक यात्रा शुक्रवार को शुरू हो गई। श्रद्धालुओं का जत्था बालटाल एवं नुनवान आधार शिविरों से रवाना हुआ। रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच यात्रा तड़के दोनों मार्गों- 48 किमी लंबे पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग-से शुरू हुई। इस दौरान 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पुरुषों, महिलाओं और साधुओं समेत श्रद्धालुओं का जत्था दिन निकलते ही दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम स्थित नुनवान आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग स्थित बालटाल आधार शिविर से रवाना हुआ।*

स्लीपर सेल ध्वस्त करने में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

## गुजरात-मध्य प्रदेश से जैश के 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुजरात आतंकवाद निरोधक (एटीएस) दस्ते ने गुजरात और मध्य प्रदेश से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैसे मोहम्मद के 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 7 को गुजरात के पाटन एवं नवसारी से पकड़ा है जबकि एक बिलाल दुर्रानी घाघरा को मध्य प्रदेश के देवास से गिरफ्तार किया है। ये गुजरात में जैश ऐ मोहम्मद का आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए यह स्लीपर सेल की तैयारी कर रहे थे।



### इंटरनेट से पाक को देते थे जानकारी

*इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यह पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं से जुड़े हुए थे और उनसे आतंकी गतिविधियों और स्लीपर सेल के बारे में जानकारी साझा करते थे। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बताया कि वह गुजरात में जैश ए मोहम्मद का एक आतंकी नेटवर्क बनाना चाहते थे। ताकि किसी बड़ी साजिश को अंजाम दे सकें।*

### बड़े आतंकी नेटवर्क को कर रहे थे तैयार

*पकड़े गए सभी आरोपी नए सदस्य बनाने, चरमपंथी विचारधारा फैलाने और आतंकी गतिविधियों के लिए सपोर्ट नेटवर्क तैयार करने का काम कर रहा था। 3 लोग सिद्धपुर और चिखली के मदरसों से भी जुड़े थे। एटीएस ने 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' के तहत एफआईआर दर्ज की। साथ ही, भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और आपराधिक साजिश से जुड़ी 'भारतीय न्याय संहिता' की धाराओं को भी इसमें शामिल किया गया है।*

विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को फिर करारा जवाब

# सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित, आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद करे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से लगातार उठाए जा रहे सिंधु जल संधि के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत का रुख पहले जैसा ही है।

पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित है। अगर पाकिस्तान चाहता है कि इस पर आगे बात हो, तो उसे सीमा पार आतंकवाद का समर्थन हमेशा के लिए पूरी तरह बंद करना होगा।

तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश को मदद रोडमैप के आधार पर


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### वेनेजुएला से निष्पक्ष जांच का अनुरोध

जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जहाज पर जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के साथ कथित छेड़छाड़ और अंग निकाले जाने के मामले को भारत ने वेनेजुएला सरकार के सामने उठाया है। हमने वहां की सरकार से इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

### तीस्ता नदी परियोजना की नियमित समीक्षा

*तीस्ता नदी परियोजना पर जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से मदद दोनों देशों की आपसी सहमति से बने रोडमैप के आधार पर दी जाती है। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है। तीस्ता नदी परियोजना पर भारत अपने विचार पहले ही बांग्लादेश को बता चुका है। इस मुद्दे पर आगे की अपनी नीति बनाने समय हम सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखेंगे।*

### अफगानिस्तान पर हमलों की कड़ी निंदा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अफगानिस्तान के मामले में, हमने पाकिस्तान से अफगानिस्तान पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा की थी, जिनमें महिलाओं और बच्चों समेत कई आम नागरिकों की जान चली गई थी। हमने इन कीमती जानें जाने पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। साथ ही, हमने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपना मजबूत समर्थन भी दोहराया था। जहां तक अफगानिस्तान को दिए जा रहे समर्थन की बात है, तो हमारा मानवीय सहायता का सहयोग जारी है। हम उन्हें दवाइयां भेजते रहे हैं। हम उन्हें अन्य तरह की मदद भी भेजते रहे हैं।*

अब हर महीने होगी नर्मदा समग्र की बैठक

# 18 जिलों में होंगे नर्मदा जयंती कार्यक्रम, नर्मदा परिक्रमा पथ पर मार्ग संकेतक लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां नर्मदा प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक आबादी की जीवन रेखा है। यह आबादी नर्मदा नदी और उसके जलग्रहण क्षेत्र पर ही निर्भर है। नर्मदा हमारी धार्मिक आस्था, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला है।

इसे हर तरह से निर्मल और अविरल बनाए रख कर नर्मदा परिक्रमा पथ को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए। प्रदेश में नर्मदा जयंती पर विभिन्न आयोजन किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में नर्मदा समग्र की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हर महीने नर्मदा समग्र की बैठक में इस नदी क्षेत्र के विकास के निर्णय लिए जाएंगे।

**मां नर्मदा के जल को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए नमन मिशन तैयार, 2026 का क्रियान्वयन रोड मैप भी तैयार**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा समग्र की बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दिए निर्देश**

### खास बातें

- मुख्यमंत्री होंगे नमन मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष
- मां नर्मदा धार्मिक आस्था, जैव विविधता सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला : डॉ. यादव
- नर्मदा के तट पर स्थित सभी धार्मिक और पवित्र स्थलों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाएं


बैठक में उप मुख्यमंत्री देवड़ा से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मां नर्मदा के विकास से जुड़ना एक पवित्र काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के विकास से जुड़ना एक पवित्र काम है। सभी विभाग के अधिकारी पूरे समर्पण से यह काम करें। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कर पथिकों के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाए और परिक्रमा मार्ग पर संकेतक (सूचना पट्टिकाएं) भी लगाए जाए। नर्मदा के तट पर स्थित सभी धार्मिक और पवित्र स्थलों को प्रदूषण मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर जहां मंदिर हैं, वहां श्रद्धालुओं के लिए अन्न क्षेत्र भी स्थापित किए जाएं।

### मंदिर के पास दीनदयाल रसोई प्रारंभ कराने की व्यवस्था भी होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंदिर के पास दीनदयाल रसोई प्रारंभ कराने की व्यवस्था भी कराएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नर्मदा समग्र से समन्वय कर नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी आश्रमों की सूचियां तैयार कर लें। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि वे सामूहिक प्रयास कर किसानों को घाटी क्षेत्र में नकद फसलों की पैदावार लेने के लिए प्रेरित करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सहित अन्य प्रमुख सचिव एवं सचिव स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

### अमरकंटक में जैव विविधता प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा

अपर मुख्य सचिव शुक्ला ने बताया कि नर्मदा नदी के सीमावर्ती प्रदेश के 18 जिलों में नर्मदा जयंती पर आयोजन किए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल ने बताया कि अमरकंटक में जैव विविधता प्रबंधन संस्थान बनाया जाएगा। इसके लिए 32 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नर्मदा घाटी क्षेत्र में करीब 415 हैक्टेयर क्षेत्र में वन विभाग 2.70 लाख पौधे लगाएगा। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि नर्मदा घाटों को निर्मल बनाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 2,548 आंगनबाड़ी पदों पर होगी भर्ती

**भोपाल।** राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 2,548 पदों पर योग्य महिला अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की जा रही हैं। भर्ती में स्थानीय पात्रताधारियों को प्राथमिकता मिलेगी। कुल रिक्तियों में से 781 पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए और 1,767 पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### कार्यालय सहायक ग्रेड-3 के 78 प्रशिक्षुओं की भर्ती

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भोपाल की ओर से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने कार्यालय सहायक ग्रेड-तीन के 78 प्रशिक्षुओं की नई भर्ती एवं नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त सभी 78 कार्यालय सहायक ग्रेड-तीन प्रशिक्षुओं ने प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्हें कंपनी के विभिन्न शहर एवं संचालन-संधारण वृत्तों में प्रशिक्षण के शेष मॉड्यूल पूर्ण करने के लिए पदस्थ किया है। यह भर्ती मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भेल से भूमि वापस लेने के लिए केंद्र सरकार से करें समन्वय: मुख्यमंत्री

# होम गाड्र्स की होगी भर्ती, अग्निवीरों को सुरक्षा बलों में 20 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता वाले विषयों पर त्वरित कार्रवाई करें। अभियान चलाकर लक्ष्य पूरे किए जाएं। प्रदेश में इन दिनों स्कूल चलो अभियान चल रहा है। 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अधिकाधिक सांदीपनि विद्यालय भवनों को लोकार्पण एवं स्कूलों का युक्तियुक्तकरण कराएं, ताकि विद्यार्थियों को इसी सत्र में अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मंत्रालय में विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर विभागों की अद्यतन प्रगति एवं आगामी कार्य योजना (कार्यवाही) के संबंध में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा उत्कृष्ट नवाचार है। स्कूल शिक्षा विभाग राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग के लिए कार्य योजना तैयार करे। चित्रकूट के विकास के लिए विशेष प्रयास करें। यहां सती अनुसुईया मंदिर परिसर, सती अनुसुईया मल्टी फैसिलिटी सेंटर और गुप्त गोदावरी मंदिर परिसर का निर्माण होना है, यह काम तेजी से पूरा करें। मंदाकिनी नदी जोड़ो परियोजना के लिए उत्तरप्रदेश सरकार तैयार है।

**समय पाबंदी के लिए मंत्रालय, सतपुड़ा, विंध्याचल में लगेगी बायोमीट्रिक मशीन, ग्रामीण आबादी की नि:शुल्क रजिस्ट्री के लिए चलेगा अभियान**


अधिकारियों को निर्देश देते सीएम डॉ. मोहन।

### यूनियन कार्बाइड की भूमि पर बनेगा भव्य स्मारक

डॉ. यादव ने कहा कि भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) को शासन की ओर से दी गई जमीन में से भेल के लिए वर्तमान में अनुपयोगी भूमि वापस लेने के प्रयास करें। इसके लिए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय से समन्वय कर कार्रवाई जल्द करें। यूसीआईएल की रासायनिक कचरे से मुक्त भूमि पर एक भव्य स्मारक का निर्माण होना है, इसके लिए एप्को कार्य योजना तैयार करे।

### धर्मशाला, सराय, अन्न क्षेत्र, प्याऊ, पेयजल टंकी, अस्पताल बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी धार्मिक महत्व के तीर्थ स्थलों (जैसे मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, दतिया, ओरछा, मैहर आदि) में धर्मशाला, सराय, अन्न क्षेत्र, प्याऊ, पेयजल टंकी, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवन निर्माण के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं को प्रोत्साहन दिया जाए।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर की तरह होमगाड्र्स के पदों पर भर्ती करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तरह होमगाड्र्स के पदों का सृजन किया जाए और मंदिर समिति के वहन पर इनकी नियुक्ति की जाए। अग्निवीरों को मप्र पुलिस में विशेष सशस्त्र बल (आरक्षक पद) की नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह को निर्देशित किया कि वे इस संबंध में अतिशीघ्र कार्रवाई करें। समय की पाबंदी के लिए मंत्रालय, विध्याचल एवं सतपुड़ा में उपस्थिति एवं रवानगी के लिए बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था की जाए।

प्रदेश के सभी जिलों में जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित

# विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका सृजन एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) का गुरुवार को प्रदेशभर में शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन की ओर से जन सम्मेलन-सह-लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के मुक्कावरिपल्ली में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी रामजी) का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जबलपुर में (वीबी-जी रामजी) (ग्रामीण) किया का राज्य स्तर पर जन सम्मेलन-सह-लॉन्च किया।

### मंत्री पटेल ने कल्याणकारी योजनाओं से जनता को कराया अवगत

मंत्री पटेल ने योजना के आयामों और जन-कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी साझा की। पटेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि भी मौजूद रही।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ने कहा-

# महिलाओं के लिए शराब दुकानें खोलने की खबरें झूठी, भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोशल मीडिया पर मध्यप्रदेश में महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोले जाने को लेकर प्रसारित दावे को भाजपा ने पूर्णतः भ्रामक, निराधार एवं असत्य है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने इस संबंध में खंडन जारी करते हुए कहा कि वास्तविकता यह है कि महिलाओं के लिए अलग (महिला-फ्रेंडली) शराब दुकानें खोलने का निर्णय फरवरी 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने लिया था। उस समय कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित इस निर्णय का मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष की भूमिका में रहते हुए पूरे प्रदेश में मुखरता के साथ विरोध किया था। भाजपा के लगातार विरोध और जनभावनाओं के दबाव के चलते कांग्रेस सरकार को अपना यह निर्णय वापस लेना पड़ा था। अग्रवाल ने कहा कि मप्र की वर्तमान भाजपा सरकार और भारतीय जनता पार्टी का इस प्रकार की किसी भी योजना से कोई संबंध नहीं है। न तो भाजपा कभी महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोलने के पक्ष में रही है और न ही वर्तमान में इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन है। भारतीय जनता पार्टी सदैव नशामुक्त समाज की पक्षधर रही है।

दस्तावेज ब्लॉक करने का दिखाया डर

# पार्ट टाइम जॉब के झांसे में असिस्टेंट प्रोफेसर से 82 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पार्ट टाइम नौकरी की तलाश एक असिस्टेंट प्रोफेसर को महंगी पड़ गई। साइबर ठगों ने ऑनलाइन डाटा एंट्री जॉब दिलाने का झांसा देकर पहले दस्तावेज और बैंक कार्ड ब्लॉक करने का डर दिखाया, फिर अलग-अलग बहानों से उनसे 82,250 रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस के अनुसार टैगोर नगर निवासी भूमिका मिश्रा रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, धनेली में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने 28 जून को घर बैठे पार्ट टाइम डाटा एंट्री जॉब की तलाश में गूगल के माध्यम से क्विकर वेबसाइट पर आवेदन किया था। आवेदन के कुछ ही समय बाद एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल और वाट्सएप संदेश आया, जिसमें नौकरी दिलाने का भरोसा दिया गया।

**क्विकर पर आवेदन के बाद शुरू हुई ठगी**

### कॉल रिसीव नहीं करने पर दस्तावेज और कार्ड ब्लॉक करने की धमकी दी

ठगों ने दावा किया कि कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनके दस्तावेज और कार्ड पांच वर्ष के लिए ब्लॉक कर दिए जाएंगे। साथ ही 70 हजार रुपए का चालान भरने की बात कहकर उन्हें डराया गया। इसके बाद फार्म कैंसिल कराने और प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में पहले 1,950 रुपए, फिर 4,500-4,500 रुपए, 12,600 रुपए, दो बार 16,350-16,350 रुपए और अंत में 26 हजार रुपए जमा कराने के लिए कहा गया।

### कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू की

ठगों ने भरोसा दिलाया कि अंतिम भुगतान के बाद पूरी राशि वापस कर दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस तरह भूमिका मिश्रा से 82,250 रुपए की साइबर ठगी कर ली गई। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

रायपुर में महिला स्नेचिंग का शिकार

# 2.60 लाख के जेवर और मोबाइल से भरा पर्स लेकर बदमाश फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरोना इलाके में बुधवार सुबह स्कूटी सवार झपटमार ने कवर्धा से नातिन के जन्मदिन में शामिल होने आई महिला को निशाना बनाया। बदमाश महिला का पर्स झपटकर फरार हो गया। पर्स में करीब 2.60 लाख रुपये के सोने के जेवर, मोबाइल और नकदी रखी थी। घटना के बाद डीडी नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

### सोने से भरा हुआ था पर्स

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पर्स में एक सोने का रानी हार, सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के ईयररिंग, करीब एक हजार रुपए नकद और एक मोबाइल रखा था। चोरी गए जेवरों की कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर पर्स में रखे सामान की कीमत करीब 2.60 लाख रुपए बताई है। घटना की सूचना मिलते ही डीडी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### ये है पूरा मामला

पुलिस के मुताबिक पीड़िता चंद्रिका देवांगन, कवर्धा जिले के देवांगन पारा की रहने वाली हैं। वह अपने पति अशोक कुमार देवांगन के साथ सरोना स्थित बेटी के घर नातिन के जन्मदिन में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद बुधवार सुबह दोनों पति-पत्नी पैदल सरोना चौक की ओर जा रहे थे, जहां से उन्हें कवर्धा के लिए वाहन पकड़ना था। सुबह करीब छह बजे जब दोनों राधाकृष्ण मंदिर के पास पहुंचे। इसी दौरान सामने से स्कूटी पर आए एक युवक ने महिला के कंधे पर टंगा पर्स झपट लिया। वारदात इतनी तेजी से हुई कि दंपती कुछ समझ पाते, उससे पहले आरोपी तेज रफ्तार से केपीएस स्कूल की ओर भाग निकला। अचानक हुई घटना के कारण दोनों स्कूटी का नंबर भी नहीं देख पाए।

पुनर्वास व्यवस्था पर उठे सवाल

# चार दिन भी नहीं टिके नकटी के विस्थापित, लौटे गांव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सम्मानपुर नकटी गांव से हटाए गए विस्थापित परिवारों के पुनर्वास को लेकर प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं। सोमवार को जिन परिवारों को नवा रायपुर के सेक्टर-30 स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में शिफ्ट किया गया था, उनमें से अधिकांश गुरुवार तक वापस अपने गांव लौट आए।

कई फ्लैट खाली मिले और ग्रामीण गांव में तंबू लगाकर रहने को मजबूर हो गए। विस्थापितों का आरोप है कि बिना पर्याप्त बिजली, पानी, रोजगार, बच्चों की पढ़ाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था किए उन्हें जबरन फ्लैटों में भेज दिया गया। अब ग्रामीण उचित पुनर्वास की मांग पर अड़े हैं और बड़े प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।

### अधिकांश परिवार लौटे गांव फ्लैटों पर लटके ताले

प्रशासन ने सोमवार को सम्मानपुर नकटी गांव के परिवारों को नवा रायपुर के सेक्टर-30 स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में बसाया था, लेकिन चार दिन के भीतर ही अधिकांश परिवार वहां से वापस गांव लौट आए। कई फ्लैटों में ताले लटके मिले, जबकि ग्रामीण गांव में तंबू लगाकर रहने लगे। कुछ परिवार रिश्तेदारों के घर चले गए तो कई लोग निर्माणाधीन भवनों में रात बिताने की तैयारी करते नजर आए।

### छोटे फ्लैट, अधूरी सुविधाएं

ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें चौथी मंजिल पर लगभग 230 वर्गफीट का एक कमरे और रसोई वाला फ्लैट दिया गया, जिसमें छह से आठ सदस्यों वाले परिवार का रहना संभव नहीं है। कई फ्लैटों में बिजली और पानी की व्यवस्था भी पूरी नहीं थी। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारी केवल सामान नीचे उतारकर चले गए और चौथी मंजिल तक सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी भी छोड़ दी गई।

### प्रदर्शन की तैयारी, स्थाई समाधान की मांग

विस्थापित परिवारों का कहना है कि जब तक रहने योग्य सुविधाएं, रोजगार और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक वे गांव छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इधर, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की तैयारी की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पुनर्वास व्यवस्था में सुधार और स्थाई समाधान मिलने तक अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

लाखों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का लिया संकल्प

# सेफ क्लिक 2.0 के तहत प्रदेश भर के विद्यालयों में गूंजी साइबर सुरक्षा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में प्रदेश को साइबर अपराधों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मप्र पुलिस की ओर से संचालित राज्यव्यापी सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता पहल की गई।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य साइबर पुलिस के समन्वय से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में आयोजित प्रार्थना सभाओं के दौरान लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक स्टाफ ने साइबर शपथ लेकर सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संकल्प लिया। प्रदेश भर में एक साथ आयोजित इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। राजधानी भोपाल से लेकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्यालयों में साइबर सुरक्षा का संदेश एक साथ प्रसारित हुआ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस पहल में सहभागिता की।


स्कूल में अभियान के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारी व विद्यार्थी।

### सोशल मीडिया पर अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें

साइबर शपथ के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी, जैसे पासवर्ड, ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी तथा निजी विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं साझा न करने, ऑनलाइन गेमिंग एवं चैटिंग के दौरान किसी भी प्रकार के लालच अथवा धमकी से प्रभावित न होने तथा किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि अथवा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने का संकल्प लिया।

### सावधानी आर्थिक, सामाजिक हानि से बचा सकती है

वर्तमान डिजिटल युग में बच्चे एवं युवा इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग कर रहे हैं। इसी कारण वे साइबर ठगी, ऑनलाइन उत्पीड़न, फर्जी लिंक, फेक न्यूज तथा अन्य साइबर अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में यह जागरूकता विकसित करना कि डिजिटल दुनिया में प्रत्येक क्लिक सोच-समझकर करना आवश्यक है। थोड़ी-सी सावधानी उन्हें बड़ी आर्थिक एवं सामाजिक हानि से बचा सकती है।

**डीएन जैन सोसायटी को हमदस्त नोटिस, 10 जुलाई तक जवाब, पूर्व आदेश के बावजूद स्वामित्व का एक भी वैध दस्तावेज पेश नहीं**

# गोलबाजार की 12,800 वर्गफुट सरकारी जमीन पर हाई कोर्ट की कड़ी नजर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने गोलबाजार की करोड़ों रुपये मूल्य की 12,800 वर्गफुट शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान डीएन जैन सोसायटी को हमदस्त नोटिस जारी कर 10 जुलाई तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए। तब तक अंतरिम राहत जारी रखते हुए अगली सुनवाई भी 10 जुलाई को नियत की गई है।



सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि हाई कोर्ट के पूर्व आदेश के बावजूद कथित कब्जाधारी अब तक भूमि के स्वामित्व अथवा भवन निर्माण से संबंधित कोई वैध दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। इससे मामला केवल अतिक्रमण तक सीमित न रहकर सरकारी भूमि पर अधिकार के दावे की वैधता से भी जुड़ गया है। नगर निगम की ओर से अधिवक्ता सौरभ सुंदर ने न्यायालय को बताया कि डीएन जैन सोसायटी की लीज वर्ष 1992 में शर्तों के उल्लंघन के कारण समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उसका कभी नवीनीकरण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान कब्जाधारियों को बेदखली एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अंतिम नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं।

हस्तक्षेपकर्ता की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने तर्क दिया कि विवादित भूमि पूरी तरह शासकीय है। कथित कब्जाधारियों के पास न स्वामित्व का कोई वैध दस्तावेज है और न ही निर्माण का कोई कानूनी आधार। उन्होंने न्यायालय से अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा नगर निगम को सौंपने के निर्देश देने का आग्रह किया।

## होमगार्ड जवान की सेवा समाप्ति निरस्त, पुनः बहाली के निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के होमगार्ड जवान ईश्वर राठौर की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त करते हुए उसे तत्काल सेवा में पुनः बहाल करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने जिला सेनानी, होमगार्ड को 90 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देकर नया आदेश पारित करने के लिए कहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केके पांडे ने पक्ष रखा। दलील दी गई कि पूर्व में हाईकोर्ट सेवा समाप्ति आदेश निरस्त कर पुनर्विचार के निर्देश दे चुका था, लेकिन विभाग ने न्यायालय के आदेश का पालन किए बिना दोबारा सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया। यह भी तर्क रखा गया कि केवल वैवाहिक विवाद से जुड़े लंबित आपराधिक प्रकरण के आधार पर, बिना विभागीय जांच और पर्याप्त कारण बताए सेवा समाप्त करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तथा संवैधानिक प्रविधानों के विपरीत है।

# डुमना एयरपोर्ट से आरटीओ ने तय किया टैक्सी भाड़ा

**मनमाना किराया वसूलने पर लगेगी लगाम**

**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट से शहर जाने वाले यात्रियों से टैक्सी चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूलने की शिकायतों के बाद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने टैक्सी किराए तय कर दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित दरों का सख्ती से पालन कराया जाएगा और अधिक किराया वसूलने या यात्रियों से अभद्रता करने वाले चालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी।

पिछले कई महीनों से एयरपोर्ट पर शटल सेवा बंद होने के बाद टैक्सी संचालकों की मनमानी लगातार बढ़ रही थी। रेलवे स्टेशन, तीन पत्ती, विजय नगर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों तक जाने के लिए यात्रियों से 800 से 1200 रुपये तक वसूले जाने की शिकायतें सामने आई थीं। कई यात्रियों ने जबरन किराया वसूलने और दबाव बनाकर टैक्सी में बैठाने जैसे आरोप भी लगाए थे।

इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ ने एयरपोर्ट से शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों तक का किराया निर्धारित कर दिया है। इसके साथ ही एयरपोर्ट परिसर में अधिकृत प्रीपेड टैक्सी काउंटर शुरू किया जाएगा, जहां से यात्रियों को रसीद के साथ टैक्सी उपलब्ध कराई जाएगी। रसीद में वाहन नंबर और चालक का विवरण भी दर्ज रहेगा, जिससे शिकायत होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर प्रमुख गंतव्यों— रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी, गोरखपुर, ग्वारीघाट और नौदरा ब्रिज सहित अन्य स्थानों तक के निर्धारित किराए का डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाएगा, ताकि यात्रियों को पहले से किराए की जानकारी मिल सके।

आरटीओ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलने, यात्रियों से अभद्र व्यवहार करने या किसी प्रकार की मनमानी करने वाले टैक्सी चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एयरपोर्ट परिसर में निगरानी बढ़ाने के लिए सीसीटीवी व्यवस्था का भी उपयोग किया जाएगा।

इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए जेसीटीएसएल की शटल सेवा को फ्लाइट की समय-सारिणी से जोड़ने तथा मिनी बस एवं साझा परिवहन व्यवस्था शुरू करने की संभावनाओं पर भी काम किया जा रहा है। आरटीओ का कहना है कि डुमना एयरपोर्ट जबलपुर की नई पहचान बन चुका है। ऐसे में एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही यात्रियों को अव्यवस्था और मनमानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि निर्धारित व्यवस्था लागू होने तक केवल अधिकृत प्रीपेड काउंटर से ही टैक्सी लें और रसीद अवश्य प्राप्त करें।

**शीतला माई वार्ड से शुरू हुआ आंदोलन**

# दूसरे दिन भी जारी रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, कम वेतन और पीएफ गड़बड़ी के लगाए आरोप

**जबलपुर।** शहर के शीतला माई वार्ड में सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारी संत रविदास भवन के सामने धरने पर बैठकर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित मानदेय के बजाय उन्हें केवल 5 से 6 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि ठेकेदारों द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है और नगर निगम प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता, साप्ताहिक अवकाश से भी वंचित रखा जाता है और भविष्य निधि (पीएफ) की राशि जमा करने में भी अनियमितता बरती जा रही है। उनका कहना है कि नियमानुसार 2,700 रुपये पीएफ जमा होना चाहिए, लेकिन कई कर्मचारियों के खातों में केवल 1,100 रुपये ही जमा किए जा रहे हैं। कर्मचारियों ने इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### आंदोलन को मिला राजनीतिक समर्थन

धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस नेता कल्लन गुप्ता ने नगर निगम प्रशासन, निगमायुक्त और महापौर पर कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का शोषण रोकना और उन्हें न्याय दिलाना नगर निगम की जिम्मेदारी है। कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन पूरे शहर में फैलाया जाएगा और सभी 79 वार्डों में जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

## कदम अधिवक्ता मंच ने हाई कोर्ट परिसर में किया पौधारोपण

### हर अधिवक्ता के जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का लिया संकल्प

**जबलपुर।** हाईकोर्ट परिसर में कदम अधिवक्ता मंच द्वारा वृहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच ने संकल्प लिया कि प्रत्येक अधिवक्ता के जन्मदिन पर एक पौधा लगाया जाएगा तथा उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में अधिवक्ता निर्मला नायक, अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी, हितेंद्र गोल्हानी और विनय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी एवं अधिवक्ता विनय शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें नीम के पौधे भेंट किए गए। इसके बाद हाई कोर्ट परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में आलोक गुप्ता, परमानंद साहू, अधिवक्ता मिथिलेश त्रिपाठी, विवेक रंजन पांडे, विबुधेंद्र मिश्रा, अधिवक्ता सुलेखा, रूपेश पटेल व धीरज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**जेडीए अध्यक्ष ने संपत्ति, भू-अर्जन और तकनीकी शाखा की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

# आमजन से जुड़े मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर पूरे हों विकास कार्य : संदीप जैन

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) अध्यक्ष संदीप जैन ने शुक्रवार को प्राधिकरण की संपत्ति, भू-अर्जन और तकनीकी शाखा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि संपत्ति हस्तांतरण, भू-आवंटन और तकनीकी स्वीकृति जैसे मामलों में किसी भी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर हितग्राहियों को योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान अध्यक्ष ने विभिन्न शाखाओं की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और अधिकारियों से कार्यों के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि यदि किसी नीति या प्रक्रिया में व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं तो उनके स्थायी समाधान के लिए आवश्यक सुधार के सुझाव दिए जाएं, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। इस दौरान तकनीकी शाखा के वर्तमान और प्रस्तावित निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### नई परियोजनाओं की निविदाएं जल्द हों जारी

संदीप जैन ने तकनीकी शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के विकास से जुड़ी सभी प्रस्तावित परियोजनाओं की निविदाएं बिना विलंब आमंत्रित की जाएं। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित हो, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू किए जा सकें। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूर्ण होने से ही शहरवासियों को विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, प्रशासकीय अधिकारी, संपत्ति अधिकारी, भू-अर्जन अधिकारी सहित तकनीकी शाखा के सहायक यंत्री और उपयंत्री मौजूद रहे।

## अधिक कीमत पर स्टाम्प बिक्री और अनियमितता पर 19 स्टाम्प वेंडरों को नोटिस

**जबलपुर।** अधिक कीमत पर स्टाम्प बेचने और कम मुद्रांक शुल्क पर दस्तावेज तैयार कर शासकीय राजस्व को नुकसान पहुंचाने के आरोप में जिले के 19 स्टाम्प वेंडरों एवं सेवा प्रदाताओं को कलेक्टर ऑफ स्टाम्प्स ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक के निर्देश पर गठित निरीक्षण दलों ने सिहोरा, गोसलपुर तथा कृषि उपज मंडी हाट बाजार, विजय नगर में औचक निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि कुछ वेंडर निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर स्टाम्प बेच रहे थे तथा शपथ-पत्र, अनुबंध-पत्र, किरायानामा और अन्य दस्तावेजों में गलत मद का चयन कर कम मूल्य के स्टाम्प का उपयोग किया जा रहा था, जिससे शासकीय राजस्व प्रभावित हो रहा था। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 एवं मध्यप्रदेश स्टाम्प नियम, 1942 के तहत संबंधित वेंडरों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों को निर्धारित शुल्क पर ही स्टाम्प विक्रय एवं दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस प्राप्त करने वालों में जगदीश प्रसाद पाठक, बृजेश कुमार उपाध्याय, सुनील खरे, संजय कुमार गुप्ता, गणेश प्रसाद, नीतू साहू, कविता तिवारी, मनीष जैन, पूर्णेश जैन, ओ.पी. मिश्रा, उभी मिश्रा, प्राची शर्मा, योगिता चावला, किरण प्यासी, शबा आफरीन, सुशील पाण्डेय, विनय कुमार पाण्डेय, शिवांक तिवारी एवं एजाज अंसारी शामिल हैं। उपार्जन में गड़बड़ी करने वाले समितियों एवं गोदामों के प्रासांगिक व्यय, कमीशन और किराये की राशि होगी राजसात।

## जमीन के विवाद पर ढाबे में तोड़फोड़

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत तिलवारा पुल के पास स्थित एक ढाबा में गत दोपहर अज्ञात लड़कों ने तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर ढाबा संचालक अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा, तभी दो तीन लड़के गालियां देते हुए उनकी तरफ बढ़े, तो पिता पुत्र अपनी जान बचाकर कार में बैठ गए, उसके बाद अज्ञात लड़कों ने कार में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। ढाबा संचालक को शंका है कि प्रापर्टी विवाद पर पेट्रोलपंप संचालक ने यह हमला कराया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवंतरीनगर निवासी 65 वर्षीय ढाबा संचालक राजू बर्मन की तिलवारा पुल के पास स्थित विष्णु ढाबा में गत दोपहर लगभग 1 बजे अज्ञात लड़कों ने तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलते ही वह बेटे रोहित बर्मन के साथ अपने ढाबा पहुंचकर देखा, जहां ढाबा के अंदर कुर्सी, टेबल टूटे हुये थे अंदर रखे फ्रिज, कैमरे, डीवीआर टूटे हुये पड़े थे, तभी 2-3 लड़के गाली गलोज करते हुये उसकी तरफ बढ़े, वह एवं उसका बेटा रोहित दौड़कर अपनी कार क्रमांक एमपी 20 जेड जी 8544 में बैठ गये और जाने लगे तो उन लड़कों ने बेसबाल के डंडे से उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी। ढाबा संचालक राजू बर्मन को शंका है कि उसके बाजू में पेट्रोल पम्प वाले के साथ उसका जमीनी विवाद चल रहा है और उसी ने यह हमला करवाया है। ढाबा में तोडफोड़ करने पर ढाबा संचालक का लगभग 2 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 351(2), 324(5), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**स्व. जवाहरलाल दर्डा की जयंती पर पुष्पांजलि एवं सम्मान अलंकरण समारोह**

**शहीद स्मारक में संस्कारधानी के विशिष्ट व्यक्तित्वों व संस्थाओं का हुआ सम्मान**

# बाबूजी का लोक-कल्याणकारी जीवन-दर्शन आज भी प्रेरणास्त्रोत : सांसद आशीष दुबे

हरिभूमि, जबलपुर।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर पत्रकार एवं लोकमत पत्र समूह के संस्थापक स्वर्गीय जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' का जीवन-दर्शन, चिंतन और संघर्ष लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई से लेकर पत्रकारिता और समाजसेवा तक गरीब, दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती दी। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यह बात सांसद आशीष दुबे ने कही। स्व. जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' की जयंती पर 2 जुलाई को शहीद स्मारक स्थित सेठ गोविंद दास रंगमंच में पुष्पांजलि एवं सम्मान अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। सांसद आशीष दुबे मुख्य अतिथि रहे। विधायक अशोक रोहाणी, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज तथा लोकमत पत्र समूह के वाइस प्रेसिडेंट एसएस खरे मंचासीन थे।




### स्व. दर्डा के कार्यों को सबने सराहा

सांसद दुबे ने कहा कि बाबूजी ने विपरीत परिस्थितियों में स्वतंत्रता संग्राम का रास्ता चुना और जबलपुर जेल में दो वर्ष तक निरुद्ध रहे। स्वतंत्रता के बाद भी उन्होंने समाजसेवा और जनहित की पत्रकारिता को अपना मिशन बनाया। विधायक अशोक रोहाणी ने लोकमत की विकास यात्रा और स्व. ईश्वरदास रोहाणी से उसके आत्मीय संबंधों का स्मरण करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने स्व. दर्डा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरक बताया। नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने लोकमत समूह के समाजोपयोगी कार्यों की सराहना की। वाइस प्रेसिडेंट एसएस खरे ने बाबूजी के जीवन-दर्शन और लोकमत समूह की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्व. दर्डा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। नवरंग कथक कला केंद्र ने निर्देशक मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का सम्मान एसएस खरे, संजय परौहा, अजीत दुबे एवं डॉ. वंदना परौहा ने किया।

### इनको मिला सम्मान पुरुस्कार

समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से चैतन्य भट्ट और प्रतुल श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता श्री अलंकरण से संजीव चौधरी व परितोष वर्मा, समाज श्री अलंकरण से शरद पाठक, बृजेश मिश्रा व डॉ. ओके राजगोपालाचार्य, शिक्षा श्री अलंकरण से डॉ. शिवकुमार व्यास, चिकित्सा श्री अलंकरण से सर्जन डॉ. एसके पांडेय, सेवा श्री अलंकरण से डॉ. अमिता तिवारी, विनीता सोनी व सुश्री सरोज पिल्लई तथा साहित्य श्री अलंकरण से अनंतराम चौबे को अलंकृत किया गया। संस्था सम्मान चेम्बर ऑफ कॉमर्स जबलपुर, गढ़ा रामलीला समिति और अग्रवाल सभा जबलपुर को प्रदान किया गया। लोकमत समूह के जबलपुर ब्यूरो चीफ संजय परौहा ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं आशुतोष तिवारी ने किया।

### आज होगा स्व. जवाहरलाल दर्डा सभा भवन का भूमि पूजन

जबलपुर केंद्रीय जेल परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकमत पत्र समूह के संस्थापक स्व. जवाहरलाल दर्डा 'बाबूजी' की स्मृति में 5 हजार वर्गफीट के सभा भवन का भूमि पूजन आज 4 जुलाई को होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, लोकमत समूह के एडिटर इन चीफ राजेंद्र दर्डा, सांसद आशीष दुबे और विधायक अशोक रोहाणी भूमिपूजन करेंगे। बाबूजी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दो वर्ष इसी जेल में बंद रहे थे।



**मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर विकास के बड़े फैसले**

# तिलहरी आवास सहित कई परियोजनाओं को मंजूरी

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर के चहुंमुखी विकास, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तिलहरी आवासीय योजना के 288 मकानों का निर्माण पीपीपी मोड पर "जो जहां है, जैसा है" की स्थिति में पूरा करने का निर्णय लिया गया, जिससे नगर निगम को लगभग 18 करोड़ रुपये की आय प्राप्त होगी। बैठक में शहर के 1500 स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, आगामी तीन माह में 11 लाख पौधे रोपने, तथा 12 अत्याधुनिक मॉडल टॉयलेट्स के निर्माण को मंजूरी दी गई। साथ ही 50 स्थानों पर पीपीपी मोड पर साइकिलिंग व्यवस्था विकसित करने का निर्णय भी लिया गया, जिससे नागरिकों को सुविधाजनक परिवहन विकल्प मिलेगा और निगम को आय भी प्राप्त होगी।

डुमना नेचर पार्क में पीपीपी मोड पर 5-स्टार होटल एवं रेस्टोरेंट संचालन की योजना तथा राइट टाउन स्टेडियम की भूमि पर ओलंपिक भवन निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा शहर के 5 प्रमुख श्मशान घाटों के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। बैठक में लीज नवीनीकरण, नामांतरण, नामकरण तथा कर्मचारियों से जुड़े प्रशासनिक प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं मेयर इन काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज सिहोरा का 14 वां आयोजन

# माता महाकाली मंदिर खितौला में 23 ब्राह्मण बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार





**सिहोरा।** नगर के माता महाकाली मंदिर खितौला में ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा आयोजित चौदहवें वार्षिक सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन गुरुदेव सुरेन्द्र दास जी महाराज के सानिध्य में श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के साथ किया गया। इस अवसर पर 23 ब्राह्मण बटुकों ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवीत धारण कर द्विजत्व संस्कार ग्रहण किया। आयोजन में सिहोरा सहित जबलपुर,कटनी,गोसलपुर,पनागर एवं बहोरीबंद से आए बटुकों ने सहभागिता कर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। गुरुदेव सुरेन्द्र दास जी ने वैदिक विधि-विधान के साथ यज्ञोपवीत संस्कार कराते हुए उपस्थित बटुकों एवं उनके अभिभावकों को उपनयन संस्कार की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत केवल शरीर पर धारण किया जाने वाला पवित्र सूत्र नहीं, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन, संयम,सेवा,सदाचार और आध्यात्मिक जीवन का प्रतीक है। यह संस्कार बालक के ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश तथा अध्ययन,आत्मसंयम और राष्ट्र व समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संकल्प दिलाता है।

### माता-पिता का सम्मान करने का लिया संकल्प

संस्कार के दौरान सभी बटुकों ने वैदिक मंत्रों के साथ सत्य का पालन करने,माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करने, प्रतिदिन संध्यावंदन एवं गायत्री मंत्र का जप करने, सदाचारपूर्ण जीवन जीने,विद्या अर्जित करने, समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहने तथा अपने आचरण से सनातन संस्कृति की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। गुरुदेव ने कहा कि यज्ञोपवीत धारण करने के साथ ही प्रत्येक बटुक का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में संयम, विनम्रता, सेवा,स्वाध्याय और आध्यात्मिक साधना को स्थान दे।

### बटुकों ने सात घरों में जाकर मांगी भिक्षा

कार्यक्रम के समापन पर सनातन परंपरा के अनुसार सभी नवदीक्षित बटुकों ने सात घरों में भिक्षाटन कर यज्ञोपवीत संस्कार की पूर्णाहुति की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक प्रकाश पाण्डेय, अश्वनी कुमार पाठक, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेंद्र त्रिपाठी, अनिरुद्ध त्रिवेदी, विनीत मिश्रा, रवि दुबे ,राजेंद्र दुबे, नवनीत शुक्ला, नारायण तिवारी, सहित अनेक समाज के सदस्यों का योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण बालकों के परिजन एंव रिस्तेदार उपस्थित थे।



# उर्मिला बाजपेयी की स्मृति में शोक श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा जबलपुर के सभागार में उर्मिला बाजपेयी के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ख्यातिलब्ध साहित्यकार शिक्षाविद महामहोपाध्याय ब्रह्मश्री आचार्य पंडित डॉ. हरिशंकर दुबे की अध्यक्षता एवं डॉ. अनामिका तिवारी एवं दमोह से आई डॉ. प्रेमलता नीलम की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने पण्डित भगवतीधर बाजपेयी का स्मरण करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा चेरीताल, जबलपुर के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि माता की महिमा अपार है, उनके जाने के बाद की रिक्तता पूर्ण करना असम्भव सा है। कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गोलोकवासी श्रीमति बाजपेयी संस्कारवान धार्मिक महिला थीं। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. आशा पांडे ने श्रीमाति उर्मिला बाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने जीवन के आत्मीय अनुभव साझा किये। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के सचिव गिरीश अवस्थी ने श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए कहा कि श्रीमति उर्मिला बाजपेयी की बहुत सी यादें हम सभी के मध्य जुड़ी हुई हैं। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष डॉ. मुकुल तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शोक पत्र का वाचन किया। यह पत्र पंडित रवींद्र बाजपेयी, अविनाश बाजपेयी, पुत्र वधु नीरजा बाजपेयी, प्रीति बाजपेयी परिवारजनों को यह पत्र सौंपा जायेगा। सहसचिव साधना शुक्ला, सुषमा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष डॉ. सरोज शुक्ला, सतीश तिवारी, अजय मिश्रा, अनीता शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सुनीति बाजपेयी ने किया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखा गया।

# सम्पति कब्जा मुक्त की गयी



**जबलपुर।** तीन पत्ती स्थित प्लाट नं. 785 मढ़ाताल, तीन पत्ती स्थित भवन को कलेक्टर जबलपुर के आदेश के परिपालन में तहसीलदार आधारताल व उनकी टीम ने भवन पर कब्जा किये लोगों से रिक्त कराकर सम्पति का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र जबलपुर शाखा को सौंप दिया। कब्जा कार्यवाही के दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक ओंकार कुमार एवं बैंक के कर्मचारी/ अधिकारी उपस्थित थे। कब्जा कार्यवाही में गुडलक रिकवरी एजेन्सी ने राजस्व टीम के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# रथ यात्रा की तैयारियां प्रारंभ, बैठक सम्पन्न

**बरेला।** आगामी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा कुंडा स्थित मां कर्मा देवी जगन्नाथ स्वामी मंदिर से निकाली जावेगी। इस आयोजन को भव्य बनाने हेतु विगत दिवस राम जानकी मंदिर में आयोजन समिति द्वारा बैठक बुलाई गई जिसमें उपस्थित सभी लोगों द्वारा इस यात्रा को विशाल रूप देने और सभी लोगों को शामिल करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। यह रथ यात्रा कुंडा से प्रारंभ होकर संपूर्ण बरेला में भ्रमण के पश्चात थाने के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में संपन्न होगी। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए मां कर्मा देवी युवा मंडल, मां कर्मा देवी महिला मंडल, साहू समाज परगना बरेला एवं जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# ग्राम कोटवार द्वारा सेवा खातेदार भूमि के विक्रय का मामला उजागर

## तहसीलदार ने शासकीय मद में दर्ज करने की कार्यवाही प्रस्तावित की

**सिहोरा।** तहसील सिहोरा क्षेत्र के ग्राम टिकरिया में सेवा खातेदार मद की शासकीय भूमि के कथित विक्रय का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार द्वारा शासकीय भूमि का अपनी पत्नी के नाम रजिस्टर्ड बैनामा किए जाने के बाद मामला प्रकाश में आया।भूमि क्रेता द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर हल्का पटवारी की जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 202 की लगभग 2000 वर्गफुट भूमि, जो सेवा खातेदार मद की है, का विक्रय किया गया है। मौके पर उक्त भूमि पर निर्माण भी पाया गया। जांच में यह भी उल्लेख किया गया कि दस्तावेजों में भूमि को निजी दर्शाया गया, जबकि वह शासकीय मद की भूमि है। तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम ने मामले को गंभीर मानते हुए भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने तथा संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही प्रस्तावित की है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। प्रकरण में भू-राजस्व संहिता के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए शासकीय भूमि के दुरुपयोग और पद के कथित दुरुपयोग पर भी कार्रवाई की बात कही गई है।

# संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला ग्रेच्युटी भुगतान संबंधी आदेश जारी


**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उपादान (ग्रेच्युटी) भुगतान संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है, जिससे संविदा कार्मिकों को उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुरूप लाभ प्राप्त हो सकेगा।जारी आदेश के अनुसार संविदा कार्मिकों के लिए उपादान (ग्रेच्युटी) की पात्रता हेतु आवश्यक न्यूनतम पाँच वर्ष की निरंतर सेवा की गणना में पूर्व में लागू संविदा सेवा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) संशोधित नियम, 2018 के अंतर्गत दो अनुबंधों के बीच प्रशासनिक अथवा प्रक्रियागत कारणों से उत्पन्न अंतराल को सेवा में व्यवधान नहीं माना जाएगा। ऐसे अंतराल की अवधि को छोड़ते हुए शेष सेवा अवधि को निरंतर सेवा के रूप में गणना में शामिल किया जाएगा।

# अवैध परिवहन करते 251 किवंटल गेहूं जप्त किया

**सिहोरा।** अनुविभागीय अधिकारी /भारसाधक अधिकारी ज्योति परस्ते एवं सचिव सविता धुर्वे कृषि उपज मंडी समिति सिहोरा के मार्गदर्शन में गत दिवस निरीक्षण के दौरान सिहोरा मंडी क्षेत्र के अंतर्गत मंडी उड़नदस्ता दल प्रभारी शिवलाल कुलेश उप निरीक्षक, सदस्य नरेन्द्र गर्ग प्रमोद पटेल उप निरीक्षक द्वारा वाहन निरीक्षण करने पर वाहन क्रमांक के ए 43-6856 में कृषि उपज- गेहूं, कुल वजन 251.20 किवंटल फर्म मेसर्स नमो ट्रेडिंग कंपनी गोसलपुर का बगैर अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करते हुए पाया गया! जिसमें कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन करने पर उक्त वाहन का प्रकरण तैयार कर धारा 19(4) के अंतर्गत कार्यवाही की गई। । जिस पर निम्नानुसार दाण्डिक शुल्क अधिरोपित कर वसूली की कार्यवाही की गई।

# एसएस कॉलेज सिहोरा में त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों के लिए 1 से 3 जुलाई तक त्रिदिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) तथा परिसर की गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सुदेश मेहरोलिया द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की, जिन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की परंपराओं और शैक्षणिक वातावरण की जानकारी दी। दूसरे सत्र में डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी ने एनईपी-2020 के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला, जबकि तीसरे सत्र में एनसीसी अधिकारी सुश्री वैशाली उईके ने एनसीसी के माध्यम से नेतृत्व क्षमता और अनुशासन से जुड़ी जानकारियाँ दीं।

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रचना विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को खेल सुविधाओं और प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रदान की। समापन सत्र में डॉ. सुदेश मेहरोलिया ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी के साथ महाविद्यालय जीवन की शुरुआत के लिए प्रेरित करता है।

# भेड़ाघाट चौराहे पर जलभराव व सड़क निर्माण में लापरवाही से बढ़ी परेशानी, ठेकेदार पर उठे सवाल



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार मार्ग तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं और लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे आए दिन जलभराव और दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाली निर्माण के लिए की गई खुदाई के बाद सही तरीके से भराव नहीं होने से सड़क पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों के पलटने जैसी घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में एक ऑटो पलटने की घटना भी सामने आई, जिसमें बड़ा हादसा टल गया। दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि मुख्य चौराहे पर भारी जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क के निर्माण में मनमानी की जा रही है तथा कहीं सड़क चौड़ी और कहीं संकरी कर दी गई है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य बिना पर्याप्त तकनीकी निगरानी और इंजीनियरिंग देखरेख के चल रहा है, जिससे स्थिति और बिगड़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से मामले की जांच कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके और भेड़ाघाट पर्यटन मार्ग सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# रिंग रोड में जगह-जगह रोड में भरा पानी, वाहन चालक परेशान



**बरेला।** अरबों रुपए की लागत से एनएचएआई द्वारा रिंग रोड का निर्माण किया गया है। रिंग रोड के प्रथम फेज में यह रोड चुलहा गोलाई से लेकर बरेला तक बनाई गई है। वर्तमान में रोड का काम कंप्लीट हो गया है विगत दो दिनों से हो रही बारिश ने रिंग रोड मैं पानी की निकासी व्यवस्था की कलई खोल दी है। रिंग रोड में जगह-जगह पानी रुका हुआ है इसकी वजह से वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नगर के बाहर रिंग रोड में प्रवेश करने पर ही पहुंच मार्ग में पानी भरा रहता है ।इसी प्रकार रितेश ढाबा के आसपास ,टोल नाका के आसपास, ओवर ब्रिज के आसपास तथा गौर पुल के नीचे एकता मार्केट में पानी का भराव बना हुआ है। इस पानी की वजह से चौपहिया वाहन चालक तो निकल जाते हैं किंतु दोपहिया वाहन चालकों को पानी के भराव के छीटों का सामना करना पड़ रहा है ।लोगों का कहना है कि रिंग रोड में पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है रोड के निर्माण के समय पानी के ढलान की और ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके कारण रोड में जगह-जगह पानी भर रहा है अभी तो वमुश्किल से 2 दिन से ही पानी गिर रहा है ,आने वाली बारिश में जब पानी की नियमित झड़ी लगेगी तब रोड में पानी की पानी ही पानी दिखाई देगा जिसकी वजह से रोड के भी खराब होने की आशंका है तथा रोड में गड्ढा भी जल्दी होने लगेंगे। नगर वासियों ने एन एच ए आई के उच्च अधिकारियों से रिंग रोड का निरीक्षण कर पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था की मांग की है।

# राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में जबलपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 15 पदक जीते




**जबलपुर।** इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन एवं महाराष्ट्र पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा 25 से 28 जून 2026 तक नासिक में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में जबलपुर जिला पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कुल 6 स्वर्ण, 5 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश और जबलपुर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देशभर के 28 राज्यों एवं 7 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1900 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जबलपुर के खिलाड़ियों में दिविशा उपाध्याय, स्वरूप साहिल भरोस, विवंश जैन, शानवी राकेश, निशिका दीप्ति भरोस, इशिता भारती और अनिका सिंघल सहित अन्य खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक अर्जित किए।मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, खेल अधिकारी आशीष पांडे, मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद, महासचिव अभय श्रीवास तथा जबलपुर जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सचिव आशीष रैकवार, सीनियर कोच सचिन गौतम एवं विशाखा कोल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मोहन लाल का हाकी मध्य प्रदेश ने किया सम्मान

**जबलपुर।** पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी मोहन लाल को हाकी मध्य प्रदेश द्वारा सम्मानित किया गया। राइट टाउन स्टेडियम स्थित हाकी मध्य प्रदेश के राज्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महासचिव लोक बहादुर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर चर्चा भी हुई।कार्यक्रम में देवकी नंदन कुशवाहा, इमरान खान, अभिषेक श्रीवास, प्रवीण कुमार पसेरिया सहित अन्य खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मोहन लाल ने संतोष ट्रॉफी फुटबॉल चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया तथा कई अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गोलकीपर के रूप में उन्हें अनेक बार "बेस्ट गोलकीपर" के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाकी मध्य प्रदेश ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की।




**श्री भगवान दास नागदेव-** सिंधी कॉलोनी मैहर निवासी श्री भगवान दास नागदेव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला बाई कोरी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री छेदी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बाई कोरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार श्रीवास-** दीक्षितपुरा छोटी देवन के पास निवासी श्री सुरेश कुमार श्रीवास (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कौशल बंशकार-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री अनिल बंशकार के पुत्र कौशल बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रकाश चंद्र खरे-** बचऊ का बाड़ा कांचघर बीमा अस्पताल के पास निवासी श्री प्रकाश चंद्र खरे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री इमरत कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती रानी कश्यप (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय-** मांडवा रामपुर निवासी श्री विजय (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि पिल्ले-** जीके हुसैन कम्पाउंड सदर निवासी श्री रवि पिल्ले (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राहुल शर्मा-** साईं विहार कॉलोनी रिछाई निवासी श्री कृष्ण कुमार शर्मा के पुत्र श्री राहुल शर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमवती बाई कतिया-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राम प्रसाद कतिया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती बाई कतिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी तिवारी-** सिद्धबाबा रोड फकीरचंद के अखाड़े के पास निवासी श्री प्रभुनाथ तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शील दवे-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री आरके दवे की धर्मपत्नी श्रमती शील दवे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# अब नहीं लगेगी ईवी वाहनों में आग, नई लिथियम बैटरी 150 डिग्री तापमान में भरेगी फर्राटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई सेरमिक बेस्ड लिथियम-आयन बैटरी विकसित करने वाले वैज्ञानिकों का दावा है कि नई विकसित फायर प्रूफ बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन का ज्यादा तापमान झेलने में सक्षम हैं, जिससे आगजनी और विस्फोट की संभावना कम हैं। यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में ईवी वाहन को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है।

- बैटरी के लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव के कारण आग लगती है

गौरतलब है लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ स्मार्टफोन, घड़ी और मेडिकल इम्प्लांट जैसे गैजेट्स में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। चूंकि इन बैटरियों की साइज़ एक हद से ज़्यादा कम करना मुश्किल होता है और इससे जुड़ी सुरक्षा चिंताएं भी बड़ी होती हैं, क्योंकि लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव और उसके क्षतिग्रस्त होने पर वाहन में आगजनी का खतरा हमेशा बना रहता है।

## यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में अधिक सुरक्षा प्रदान करती है

### आग नहीं पकड़ती नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी

शोधकर्ताओं के मुताबिक नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी आग नहीं पकड़ने वाली है और लगातार बाहरी गर्मी के संपर्क में रहने पर भी अपनी संरचनात्मक बनावट को मजबूत बनाए रखती है। हवा में तापमान सहने की इसकी क्षमता उत्कृट है, जो पॉलीमर या कंपोजिट इलेक्ट्रोलाइट वाली बैटरी से कहीं बेहतर है। उनका मानना है कि बैटरी की यह तकनीक खासकर उच्च तापमान वाले वातावरण में पहनने योग्य सेंसर, आईओटी उपकरणों और एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति प्रदान करने में भी काफी उपयोगी साबित हो सकती है।





*बैटरी 150 डिग्री सेल्सियस पर भी काम कर सकती है :* पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी के जोखिम को देखते हुए सिंहुआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसे चैलेंज की तरह लिया। उन्होंने तय किया कि एक ऐसी बैटरी विकसित करेंगे, जो साइज़ में छोटी होने के साथ अधिक एनर्जी डेंसिटी वाली हो और मुश्किल हालात में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हो। उनका दावा है कि विकसित नई सिरेमिक लिथियम-आयन माइक्रो-बैटरी 150 डिग्री सेल्सियम तक के तापमान पर भी काम करने का वादा करती है।

### कम टिकाऊ होते हैं पतले वर्जन की बैटरियां

वैज्ञानिकों के मुताबिक इन्हीं कमियों के चलते अग्नि सुरक्षा प्रणाली, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सेंसर, अंतरिक्ष उपकरण और सैन्य अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पारंपरिक बैटरियां का उपयोग सीमित हो गया है। इसके विपरीत, सॉलिड-स्टेट लिथियम बैटरियां एक ठोस चालक माध्यम का उपयोग करती हैं, जो अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, लेकिन उनके विकसित पतले वर्जन की बैटरियों के टिकाऊपन में चुनौती आती है।

### ज्यादा तापमान में लीक हो जाती है पारंपिक बैटरी

स्टडी में कहा गया है कि नई बैटरी अलग-अलग तापमान रेंज में बिना किसी दबाव के ठीक से काम करती है और छोटे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए सुरक्षित और मज़बूत पावर सॉल्यूशन देने में भी कारगर है। स्टडी के मुताबिक आम बैटरी में इलेक्ट्रिक करंट बनाने के लिए लिथियम आयन लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट से होकर गुजरते हैं, लेकिन ज़्यादा तापमान या फिजिकल डैमेज होने पर इलेक्ट्रोलाइट लीक हो सकते है या उसमें आग भी लग सकती है।

## खबर संक्षेप

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में कथित डेटा सेंध की जांच जारी



**नई दिल्ली।** सरकार टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में कथित डेटा सेंध की जांच कर रही है। साथ ही इस घटना की सूचना भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल को भी दे दी गई है। इस कथित साइबर हमले में एप्पल के अभी तक जारी नहीं किए गए आईफोन 18 प्रो मॉडल से जुड़ी संवेदनशील जानकारी के उजागर होने की खबर है।

### पीएनबी का पहली तिमाही का ऋण 13 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक और बैंक आफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कुल ऋण में क्रमशः 13 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। पीएनबी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका ऋण 11.29 लाख करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 12.75 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### विदेशी मुद्रा बाजार में 5.65 अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जून को समाप्त सप्ताह में 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर हो गया था। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### एचसीएलटेक को यूरोप की कंपनी से मिला ठेका



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचसीएलटेक को यूरोप मुख्यालय वाली 'फॉर्च्यून ग्लोबल 50' सूची की एक कंपनी से उसके डिजिटल कार्यस्थल एवं उद्यम नेटवर्क के रूपांतरण तथा प्रबंधन के लिए 1.14 अरब अमेरिकी डॉलर का ठेका मिला है। एचसीएलटेक ने उस कंपनी का नाम उजागर नहीं किया है।

## चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों के कारण उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ी

# घरेलू मांग में नरमी से जून में सेवा क्षेत्र की वृद्धि 17 महीने के निचले स्तर पर: पीएमआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*घरेलू मांग में नरमी के कारण भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून में घटकर 17 महीने के निचले स्तर पर आ गई। चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों और कुछ सेवाओं के लिए ग्राहकों की घटती रुचि के कारण बिक्री एवं उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ी। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली।*

कंपनियों ने बताया कि बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और उनकी सेवाओं में ग्राहकों की कम रुचि के कारण बिक्री प्रभावित हुई। इससे नई भर्तियां लगभग ठप रहीं और कारोबारी भरोसा भी कमजोर हुआ। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में घटकर 57.4 पर आ गया, जो मई में 59.8 था। यह पिछले 17 महीनों का सबसे कमजोर विस्तार है।

- कुछ सेवाओं के लिए ग्राहकों की घटती रुचि के कारण बिक्री घटी
- भर्तियां लगभग ठप्प रही और कारोबारी भरोसा कमजोर हुआ
- सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में घटकर 57 .4 पर आ गया



### नए ऑर्डर में ढाई साल में सबसे धीमी वृद्धि

सेवा क्षेत्र के उत्पादन में सुस्ती की मुख्य वजह नए ऑर्डर में ढाई साल से अधिक समय की सबसे धीमी वृद्धि रही। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत का सेवा क्षेत्र पीएमआई जून में भी विस्तार के दायरे में रहा, लेकिन घटकर 57.4 पर आ गया जो 17 महीनों का सबसे निचला स्तर है। रफ्तार में यह कमी अधिक चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों और विशेष रूप से घरेलू मांग में कमजोरी का संकेत देती है।'' जून में निर्यात हालांकि मजबूत पक्ष में रहा।

### कारोबारी भरोसा घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

सेवा क्षेत्र की कंपनियों को अगले 12 महीनों में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन सकारात्मक कारोबारी भरोसा घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया और यह ऐतिहासिक औसत से भी नीचे रहा। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई उत्पादन सूचकांक जून में घटकर 57.1 पर आ गया, जो मई में 59.3 था। यह दर्शाता है कि विनिर्माण तथा सेवा, दोनों क्षेत्रों में कारोबारी गतिविधियों, रोजगार एवं नए ऑर्डर की वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई।

*मुद्रास्फीति की रफ्तार हल्की रही : कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की रफ्तार हल्की रही। यह दीर्घकालिक औसत से नीचे रही और नवंबर 2025 के बाद सबसे कम स्तर पर दर्ज की गई।*

### कई देशों से मांग बढ़ी

*कंपनियों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, मलेशिया, नेपाल, ओमान, कतर, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से मांग बढ़ी, जिससे निर्यात में तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। भंडारी ने कहा, '' बाहरी मांग मजबूत बनी रही और विदेशी बिक्री में वृद्धि तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।''*

### रोजगार सृजन की रफ्तार अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर

समायोजित पीएमआई सूचकांक, विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के पीएमआई सूचकांकों के भारित औसत पर आधारित होता है। इसमें दोनों क्षेत्रों का भार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उनकी हिस्सेदारी के अनुसार तय किया जाता है। कुल बिक्री की वृद्धि जून में तीन महीनों के सबसे निचले स्तर पर रही, जबकि रोजगार सृजन की रफ्तार भी 2026 में अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर आ गई।

### विदेशी ऑर्डर की वृद्धि निचले स्तर पर

इसी दौरान विदेशी ऑर्डर की वृद्धि भी लगभग दो वर्षों के सबसे निचले स्तर पर रही। एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों से प्राप्त जवाबों के आधार पर तैयार करता है।

# एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क बढ़ाने की मांग



- एएआई ने सरकार से बीसीडी बढ़ाने की मांग की
- संगठन की चेतावनी, अन्यथा रासस्व पर गंभीर असर पड़ेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सरकार से एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि सस्ते आयात और वैश्विक संरक्षणवाद के बढ़ते दबाव से घरेलू निवेश तथा सरकारी राजस्व पर गंभीर असर पड़ सकता है।

एएआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग फिलहाल एक तरफ आयात में तेजी से वृद्धि और दूसरी तरफ निर्यात बाजारों तक पहुंच में कमी जैसी दो समस्याओं से एक साथ जूझ रहा है। संगठन ने आयात में आई तेज़ी को रोकने के लिए बीडीसी बढ़ाने समेत कई ज़रूरी कदम उठाने की मांग की है। एएआई के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-2026 में एल्युमीनियम आयात रिकॉर्ड स्तर 34.8 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंच गया, जिससे देश से 88,400 करोड़ रुपये से अधिक विदेशी मुद्रा बाहर गई। संगठन के अनुसार, भारतीय एल्युमीनियम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है और हर साल लगभग 30,000 करोड़ रुपये का राजस्व देता है।

### निवेश पर खतरा मंडरा रहा

यह क्षेत्र करीब आठ लाख नौकरियों और लगभग 4,000 एमएसएमई को समर्थन प्रदान करता है। एएआई ने चेतावनी दी कि बढ़ते आयात से प्रमुख उत्पादकों के तीन लाख करोड़ से अधिक के निवेश पर खतरा मंडरा रहा है। ये निवेश आने वाले वर्षों में भारत की प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता को 90 लाख टन प्रति वर्ष तक दोगुना करने और एक लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा करने की क्षमता रखते हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में तेजी, सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा



- आईटी शेयरों में तेजी से बाजार को मिला समर्थन
- अमेरिका में मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने से बाजार में तेजी रही

एजेंसी ⏭ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेजी और अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 262 अंक और निफ्टी में 95 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.79 अंक चढ़कर 77,763.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.4 अंक चढ़कर 78,157.52 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 95.15 अंक बढ़कर 24,270.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 5.79 प्रतिशत की तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा 1.81 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा भारती एयरटेल, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार और मुनाफावसूली के बावजूद सकारात्मक वैश्विक संकेतों तथा अमेरिकी श्रम बाजार के नरम आंकड़ों के बाद वैश्विक स्तर पर नरम ब्याज दर माहौल की उम्मीद से बढ़त के साथ बंद हुए।''

### कच्चे तेल में नरमी अहम कारक बनी

*नायर ने कहा कि भारत-जापान शिखर सम्मेलन के सकारात्मक नतीजों और आईटी क्षेत्र में जारी सुधार से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी एक अहम कारक बनी हुई है।*

## रेलवे से जून तिमाही में 41.91 करोड़ टन माल की ढुलाई



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 41.91 करोड़ टन माल की ढुलाई की, जो पिछले वित्तवर्ष की इसी अवधि के 41.30 करोड़ टन की तुलना में 1.46 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय ने एक प्रेस नोट में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कई प्रमुख जिंस खंडों में भी अच्छी बढ़ोतरी देखी गई।

पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में लौह अयस्क की ढुलाई में 7.44 प्रतिशत, क्लिंकर में 6.54 प्रतिशत और अन्य सामान में 12.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जून के दौरान रेलवे ने 14.22 करोड़ टन माल की ढुलाई की जो साल भर पहले के 13.67 करोड़ टन की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है।

# सोने में 3,300 रुपए का उछाल और चांदी 5,000 रुपए मजबूत

- सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। लगातार दूसरे सत्र में इसमें 3,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि वैश्विक बाजार में मजबूती और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की मांग को बढ़ा दिया।

दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,300 रुपये या 2.2 प्रतिशत बढ़कर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।



## वस्तु और सेवा निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य तय : गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं के निर्यात को 16-17 प्रतिशत बढ़ाकर 530 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। गोयल ने कहा कि सेवा क्षेत्र के निर्यात को भी वित्त वर्ष 2026-27 में 11 प्रतिशत बढ़ाकर 470 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। गोयल ने 'व्यापार बोर्ड' की बैठक में कहा, ''इस वित्त वर्ष के लिए एक लाख करोड़ डॉलर के कुल निर्यात का लक्ष्य है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का कुल निर्यात 863 अरब डॉलर रहा था, जिसमें वस्तु निर्यात 442 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 418 अरब डॉलर था।

# बैंकों ने जून में जमा प्रमाणपत्र से 1.80 लाख करोड़ रुपए जुटाए

एजेंसी ⏭ मुंबई

बैंकों के जमा प्रमाणपत्र (सीडी) के जरिये धन जुटाने में जून में सालाना आधार पर 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी वजह बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कमी और कर्ज वितरण में मजबूत बढ़ोतरी रही।बैंकों द्वारा अपनी कोष की आवश्यकता को पूरा करने के लिए जमा प्रमाणपत्र एक प्रमुख अल्पकालिक साधन है। मई की तुलना में जून में जमा प्रमाणपत्र (सीडी) जारी करने में 61.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय समाशोधन निगम (सीसीआईएल) के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों ने जून में सीडी के माध्यम से 1.80 लाख करोड़ रुपये जुटाए, जबकि मई में यह राशि 1.12 लाख करोड़ रुपये और जून, 2025 में 1.31 लाख करोड़ रुपये थी। सीएसबी बैंक के समूह प्रमुख (ट्रेजरी) आलोक सिंह ने कहा, '' सीडी जारी करने में वृद्धि के पीछे नकदी की कमी, कर्ज वितरण में अच्छी बढ़ोतरी, कर भुगतान के कारण नकदी का बाहर जाना और जमा वृद्धि का अपेक्षाकृत धीमा रहना जैसे कई कारण रहे।'' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की हाल ही में जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भी बैंकों के लिए भविष्य में वित्तपोषण को प्रमुख जोखिम बताया गया था। सीडी जारी करने में वृद्धि मुख्य रूप से पांच बड़े सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की वजह से हुई।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. - 1, नर्मदापुरम (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्र.28/2026/e-Tender/N. Puram — दि. 29/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWD RB_518115 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत रैसलपुर रिधौड़ाखेड़ा बम्हनगॉव मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य | द्वितीय | 200.62 | 200620/- |
| 2 | 2026_PWD RB_518116 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत मोफाड़ा खेड़ी अहीर बम्हनगॉंव मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य । | द्वितीय | 121.44 | 121440/- |
| 3 | 2026_PWD RB_518117 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग सिवनी मालवा के अंतर्गत सोनखेड़ी हिरनखेड़ा सोमलवाड़ा मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 115.16 | 115160/- |
| | | | | योग (रू. लाख में) | | 437.22 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/07/2026 सायं 17 :30 बजे निर्धारित है ।विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है ।निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा ।पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जायेंगे ।

G-15223/26 — "स्वच्छता ही सेवा" — कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम


## चीनी कंपनी यूबी टेक ने किया लांच, अकेले व बुजुर्गों लोगों के लिए

# आ गया ह्यूमनॉइड रोबो, जिंदगी भर देगा साथ, कीमत 17 लाख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अकेले रह रहे युवाओं और बुजुर्गों के लिए बिल्कुल इंसानों की शक्ल-सूरत वाले ह्यूमनॉइड रोबो एक चीनी कंपनी ने लांच किया है। महिला और पुरुष दोनों रूपों में उपलब्ध ह्यूमनॉइड रोबो आर्टिफिशियल इंटलीजेंस से लैस हैं। ह्यूमनॉइड रोबो हूबहू इंसानों की तरह बात कर सकते हैं और तनावपूर्ण माहौल में यूजर के साथ अपनी भावनाएं भी जाहिर करने में सक्षम हैं।

ह्यूमनॉइड रोबो को बनाने वाली कंपनी यूबी टेक का कहना है कि उसका 'यू1' ह्यूमनॉइड रोबो दुनिया का पहला फ़ुल-साइज़ इंसानों जैसा दिखने वाला ह्यूमनॉइड रोबो है, जिसे खासकर बड़े पैमाने पर बुजुर्गों और अकेले रह रहे लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी के बेसिक मॉडल U1 रोबो की कीमत 17 लाख रुपए है, जबकि अल्ट्रा मॉडल की कीमत 1 करोड़ 39 लाख रुपए बताई गई है।

## अल्ट्रा मॉडल की कीमत 1 करोड़ 39 लाख रुपए बताई गई

### अकेले चीन में ह्यूमनॉइड रोबो का है बहुत बड़ा मार्केट

कंपनी का कहना है कि ह्यूमनॉइड रोबो मुख्य रूप से अकेले रहने वाले और 60प्लस बुजुर्गों के लिए बनाया गया है। टैम के मुताबिक अकेले चीन में इसका बहुत बड़ा मार्केट है। उनके मुताबिक चीन में ऐसे लोगों की संख्या लगभग 44 करोड़ हैं। इनमें अकेले रह रहे लोगों की अनुमानित संख्या 12 करोड़ हैं, जबकि 60 प्लस बुजुर्गों की संख्या 32 करोड़ है।



*चीन में हर आकार के रोबोट उपलब्ध*
*उल्लेखनीय है वर्तमान में रोबोटिक्स दुनिया भर में तेज़ी से बढ़ता हुआ सेक्टर है और हाल के सालों में चीनी स्टार्टअप्स इसमें आगे निकल गए हैं। चीन में कई जगहों होटलों से लेकर शॉपिंग सेंटर्स और फैक्ट्रियों में हर आकार और प्रकार के रोबोट देखे जा सकते हैं। बार्कलेज बैंक के अनुसार पिछले साल दुनिया भर में लगाए गए ह्यूमनॉइड रोबोट्स में से 85 फीसदी चीन में थे।*

### कस्टमाइज किया जा सकता है यह रोबो

दक्षिणी चीन के टेक हब शेन्ज़ेन में एक लांच इवेंट में यूबी टेक के ब्रांड यू वर्ल्ड के हेड माइकल टैम ने कहा कि, उनके बायोनिक रोबो जिंदगी भर इंसान का साथ निभा सकते हैं। वो हमेशा यूज़र का वफादार रहेगा, कभी धोखा नहीं देगा और बिना किसी शर्त के उससे प्यार करेगा और उसे थोड़े पैसे खर्च करके अपने मन मुताबिक कस्टमाइज भी किया जा सकता है।

## चिंतन

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।



सफर
डॉ. ओपी त्रिपाठी

हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा




एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

(लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# स्वामी विवेकानंद : युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज

विवेकानन्द जिन्हें उस दौर में नरेन्द्रनाथ नाम से पुकारा जाता था, एक ऐसा नाम है जिन्होंने करिश्माई व्यक्तित्व के किरदार को एक दौर में जिया। आज भी लोग गर्व से उनका नाम लेते हैं और युवा दिलों में वह एक आयकन की भांति बसते हैं। इतिहास के पन्नों में विवेकानंद का दर्शन उन्हें एक ऐसे महाज्ञानी व्यक्तित्व के रूप में जगह देता है, जिसने अपने ओजस्वी विचारों के द्वारा दुनिया के पटल पर भारत का नाम बुलंदियों के शिखर पर पहुंचाया। उनके द्वारा दिया गया वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन की एक अनमोल धरोहर है। अपने गुरु के नाम पर विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ की स्थापना की। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ और भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेन्द्रनाथ था। ये काफी चंचल प्रवृति के थे। उनकी माता भगवान की अनन्य उपासक थी, लिहाजा मां के सानिध्य में वह भी ईश्वर प्रेमी हो गए। बचपन में विवेकानंद की मां इन्हें रामायण की कहानी सुनाती थी तो इसको यह बड़ी तन्मयता से सुनते थे। रामायण में हनुमान के चरित्र ने उस दौर में इनके जीवन को खासा प्रभावित किया, साथ ही अपनी मां की तरह वह भी शिवशंकर के अनन्य भक्त हो गए। कई बार वह शिव से सीधा साक्षात्कार करते मालूम पड़ते थे और अपनी मां से कहा करते कि उनमें शंकर का वास है। यह सब सुनकर इनकी मां चिंतित हो उठती कि उनका यह बेटा कहीं बाबा संन्यासी न बन जाए। बचपन से ही नरेन्द्रनाथ पढ़ाई लिखाई में रुचि लेने लगे।



पढ़ाई में यह अव्वल दर्जे के छात्र थे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो एक बार यह पढ़ लेते उसे कभी भूलते नहीं थे। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुज़रना पड़ा। परमहंस जैसे जौहरी ने इस रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेन्द्र को बदल दिया। इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेन्द्र उन्मत्त-से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। 25 वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रदत्त ने भगवा वस्त्र को धारण किया। अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अन्धकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की। विवेकानंद का मानना था कि जीवन में सफल होने के लिए अच्छा गुरु मिलना जरूरी है क्योंकि गुरु ही अन्धकार से ज्ञान के प्रकाश की तरफ ले जाता है। परमहंस की दी हुई हर शिक्षा को विवेकानंद ने अपने जीवन में न केवल उतारा, बल्कि लोगों को भी इसके जरिये कई सन्देश दिए जिसने आगे बढ़ने की राह खोली। 11 सितंबर 1893 के उस दिन उनके अलौकिक तत्वज्ञान ने पाश्चात्य जगत को चौंका दिया। अमेरिका ने स्वीकार कर लिया कि वस्तुतः भारत ही जगद्गुरु था और रहेगा। स्वामी विवेकानन्द ने वहां भारत और हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके ज़बरदस्त प्रभाव छोड़ा।

उस दौर में भारत के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी इन्ही के कंधों पर थी। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार वास्तविक धर्म किसी समाज, जाति, नस्ल, वंश, स्थान और समय तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य सामाजिक कल्याण है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार नैतिकता और धर्म एक ही हैं और इन मूल्यों से ओतप्रोत शिक्षा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक है। 4 जुलाई 1902 को उनका देहावसान हो गया। बेहतर होगा कि युवा पीढ़ी उनके विचारों से कुछ सीखे और उनको आयकन बनाने के बजाए उनकी शिक्षा को अपने में उतारे और प्रगति पथ पर चले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- **सुलक्षणा**, जींद

## ट्रेंड

### अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### मणिपुर जल रहा

मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारें और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### भाजपा

यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



### पूजा सिंघल का मामला

"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही हैं, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड



## करंट अफेयर

# मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया

मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंड्रु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता, मैंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी और इस मजबूत विश्वास के साथ स्वीकार किया था कि मैं परिस्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता हूं। मोल्दोवा में जब कोई प्रधानमंत्री अपने इस्तीफे की घोषणा करता है, तो वह तुरंत प्रभाव से लागू हो जाता है लेकिन नई मंत्रिपरिषद के गठन तक कार्यवाहक सरकार काम करती रहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सांदु ने मुंटेनु के इस्तीफे के बाद प्रेस में जारी एक बयान में मोल्दोवा के लिए 'जटिल दौर' के दौरान मुंटेनु के नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया।



## ऑफ बीट

# आखिर तारा कहलाने की कसौटी क्या है

पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई-2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई-2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई-2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई-2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि टीओआई-2155बी को पूरी तरह तारा माना जा सकता है या नहीं। तारे अंतरिक्ष में मौजूद गैस के विशाल पिंडों के रूप में बनना शुरू होते हैं लेकिन गैस का कोई पिंड कितना बड़ा और भारी होना चाहिए कि वह तारा बन सके? यह सवाल सरल लगता है लेकिन खगोलविद इसके जवाब पर दशकों से बहस करते रहे हैं। किसी तारे के भीतर गुरुत्वाकर्षण का दबाव इतना अधिक होना चाहिए कि वह हाइड्रोजन परमाणुओं को आपस में मिलाकर हीलियम परमाणुओं में बदल सके और यह प्रक्रिया लंबे समय तक लगातार जारी रहे।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ई-रिक्शा रोकने वाले बेट-बीएमएस सहित तीन ऐप्स को प्लेस्टोर से हटाने का आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ई-रिक्शा चालकों को इन दिनों एक अजीब समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर चलते-चलते ई-रिक्शा अचानक बंद हो जाते हैं और दोबारा स्टार्ट नहीं होते। खास बात ये है कि ये सब किसी खराबी या बैटरी डिस्चार्ज की वजह से नहीं, बल्कि चीनी ऐप की मदद से हो रहा है। जिसके बाद केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने ऐसे मोबाइल ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनका इस्तेमाल चलते हुए ई-रिक्शा को बीच सड़क में बंद करने के लिए किया जा रहा थ। मामले की जानकारी मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है।

**तीन ऐप्स हटाए गए :** केंद्र सरकार ने बेट-बीएमएस, Epoch-i-ion और Lossigy ऐप्स नाम के इन ऐप्स को ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे तीन ऐप के बारे में पता चला था और उन्हें ऐप स्टोर से हटा दिया गया है। ये ऐप बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम ऐप हैं, जो ब्लूटूथ के जरिए लिथियम-आयन बैटरी से कनेक्ट होकर उसकी निगरानी करते हैं।

## एक क्लिक में रुक जाते थे ई-रिक्शा, लोगों को हो रही थी परेशानी

### ऐसे किया जा रहा था गलत इस्तेमाल

शरारत करने वाले लोग मोबाइल में ऐप खोलकर आसपास मौजूद ई-रिक्शा की बैटरी से ब्लूटूथ के जरिए कनेक्ट हो जाते थे। इसके बाद ऐप में मौजूद डिस्चार्ज स्विच दबाते ही ई-रिक्शा की बैटरी की पावर कट जाती थी और वाहन बीच सड़क में रुक जाता था। ड्राइवर को समझ ही नहीं आता था कि आखिर ई-रिक्शा अचानक क्यों बंद हो गया। वाहन तब तक दोबारा चालू नहीं होता था, जब तक उसी ऐप से उसे फिर से ऑन न किया जाए। ऐसे लोग ई-रिक्शा चालकों से पैसा वसूल कर रहे थे।



### आईटी सेक्रेटरी ने की पुष्टि

कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कृष्णन ने कहा, यह सच है... कुछ ऐप हैं जिनके बारे में हमें पता चला और उन ऐप स्टोर से हटा दिया गया है। उन्होंने यह पुष्टि सीआईआई साइबर सिक्योरिटी समिट के दौरान की। यह मामला गुरुवार को तब चर्चा में आया जब ऐसे वीडियो सामने आए जिनमें चीनी स्मार्टफोन ऐप बेट-बीएमएस से जुड़े रिमोट शटडाउन फीचर के जरिए कुछ ई-रिक्शा को दूर से ही रोका जा रहा था। इन वीडियो ने साइबर सिक्योरिटी को होने वाले खतरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### जेल और 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

वहीं अगर आप भी इस ऐप का इस्तेमाल करके किसी ई-रिक्शा को बंद करने की सोच रहे हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए. इंटरनेशनल कमीशन ऑफ साइबर सिक्योरिटी लॉ के चेयरमैन पवन दुग्गल ने कहा कि ये कोई सामान्य हरकत या मजाक नहीं, बल्कि एक अपराध है। ये सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66, जिसे धारा 43 के साथ पढ़ा जाता है, के तहत दंडनीय हो सकता है। ऐसे अपराध के लिए 3 साल तक की जेल और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

# यहां हंसने नहीं, खुलकर रोने आते हैं हजारों लोग, आंसू बहाकर करते हैं मन हल्का

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग काम, परिवार और निजी जिम्मेदारियों के बीच इतने उलझ जाते हैं कि अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने का समय ही नहीं मिल पाता। बाहर से मुस्कुराते दिखने वाले कई लोग भीतर ही भीतर तनाव, अकेलेपन और मानसिक दबाव से जूझ रहे होते हैं।

**सूरत।** ऐसे में देश के कुछ शहरों में एक नया ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसे क्राइ क्लब के नाम से जाना जाता है। यहां लोग हंसने के लिए नहीं, बल्कि खुलकर रोने और अपने मन का बोझ हल्का करने के लिए पहुंचते हैं।

गुजरात के सूरत में चल रहा हेल्दी क्राइंग क्लब पिछले करीब आठ वर्षों से लोगों को ऐसा सुरक्षित माहौल उपलब्ध करा रहा है, जहां वे बिना किसी झिझक के अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकें। इस क्लब में आने वाले लोगों से यह नहीं पूछा जाता कि वे क्यों रो रहे हैं।

## धीरे-धीरे यह अवधारणा कई देशों तक पहुंची

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी

क्लब के संस्थापक कमलेश मसालावाला का मानना है कि समाज में खासकर पुरुषों को बचपन से यह सिखाया जाता है कि रोना कमजोरी की निशानी है। यही वजह है कि कई लोग अपनी भावनाओं को वर्षों तक दबाकर रखते हैं। इन सेशनों में शांत वातावरण, हल्का संगीत और सुकून देने वाला माहौल तैयार किया जाता है, जिससे लोग सहज महसूस कर सकें. यहां आने वालों में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल होते हैं। कोई रिश्तों में आई परेशानियों से जूझ रहा होता है, कोई नौकरी के तनाव से, तो कोई अकेलेपन और मानसिक थकान से राहत पाने की उम्मीद लेकर पहुंचता है।



### रोना इंसान की स्वाभाविक भावनात्मक प्रतिक्रिया

विशेषज्ञों के अनुसार, रोना इंसान की स्वाभाविक भावनात्मक प्रतिक्रिया है। लंबे समय तक तनाव और दुख को दबाकर रखने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में नियंत्रित और सुरक्षित माहौल में भावनाएं व्यक्त करना कई लोगों के लिए राहत का कारण बन सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति लगातार उदासी, तनाव या मानसिक परेशानी महसूस कर रहा हो, तो उसे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना भी जरूरी है।


### रुई-कात्सु कॉन्सेप्ट से है प्रेरित

दरअसल, क्राइ क्लब का विचार जापान के 'रुई-कात्सु' कॉन्सेप्ट से प्रेरित माना जाता है। धीरे-धीरे यह अवधारणा कई देशों तक पहुंची और अब भारत के मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और सूरत जैसे शहरों में भी ऐसे सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। डिजिटल दौर में, जहां लोग ऑनलाइन जुड़े होने के बावजूद भावनात्मक रूप से अकेलापन महसूस करते हैं, वहीं, ऐसे समूह कई लोगों के लिए अपनापन और मानसिक राहत का एक नया माध्यम बनकर उभर रहे हैं।

## रोचक खबरें

### 8 करोड़ सालों से जिंदा है ये जीव, इंसान ने बस 10 साल में कर दिया बर्बाद!

**नई दिल्ली।** धरती पर कई ऐसे जीव हैं जो लाखों-करोड़ों साल से बिना बदले जीवित है। इन्हें प्रकृति ने इतनी मजबूती दी है कि बड़े-बड़े शिकारी भी इन्हें नुकसान नहीं पहुंचा पाए। लेकिन, इंसान का लालच इन प्राचीन जीवों को भी बर्बाद कर रहा है। ऐसी ही एक दर्दनाक कहानी है पैंगोलिन की। यह अनोखा जीव पिछले 8 करोड़ साल से धरती पर राज कर रहा था, लेकिन इंसानों ने सिर्फ 10 साल में इसे विलुप्त होने की कगार पर पहुंचा दिया है। पैंगोलिन को 'स्केली एंटईटर' भी कहा जाता है। इसका पूरा शरीर मजबूत शल्कों से ढका होता है जो केराटिन से बने होते हैं। खतरे के समय यह गोले का रूप धारण कर लेता है। यही कारण है कि शेर, चीता, भालू या हाथी जैसे जानवर भी इसे आसानी से नहीं खा पाते। लाखों सालों से यह रणनीति इनकी सुरक्षा करती रही। लेकिन, इंसान के सामने यह रक्षा बेकार साबित हुई। चीन, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों में पैंगोलिन की स्केल्स को पारंपरिक दवा में इस्तेमाल किया जाता है। इसके मांस को स्वादिष्ट माना जाता है। नतीजतन, दुनिया भर में पैंगोलिन सबसे ज्यादा तस्करी वाला जानवर बन गया है। सीआईटीईएस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक दशक में हजारों पैंगोलिन पकड़े गए, लेकिन इससे कहीं ज्यादा तस्करी हो रही है।



### ये है दुनिया का सबसे अनोखा जीव, कई जानवरों का है मिश्रण

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने कई अनोखे जीवों को रचा है लेकिन प्लैटिपस उन सबसे अलग है। इसे देखकर वैज्ञानिक भी हैरान रह गए थे, जब पहली बार इसे खोजा गया था। कई लोग इसे बतख और बीवर का मिश्रण समझ बैठते हैं, लेकिन ये सबसे अलग एक अलग ही जीव है। प्लैटिपस की चोंच बतख जैसी होती है, पूंछ बीवर जैसी सपाट, पंजे ऊदबिलाव जैसे और शरीर का आकार छोटे कुत्ते जैसा होता है। इसके पैरों में झिल्ली है जो तैरने में मदद करती है। नर प्लैटिपस के पिछले पैरों में जहर वाली स्पर (नुकीली संरचना) होती है जिससे ये खुद को बचाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ये दुनिया के कुछ विषैले स्तनधारियों में से एक है। ज्यादातर स्तनधारी जीव बच्चे जन्म देते हैं, लेकिन प्लैटिपस और कुछ ईचिडना मोनोट्रेम्स नामक समूह के सदस्य हैं जो अंडे देते हैं। मादा प्लैटिपस दो से तीन अंडे देती है। ये अंडे नरम खोल वाले होते हैं। मां अंडों को अपने शरीर की गर्मी से सेती है। करीब दस दिन बाद बच्चे निकलते हैं। अंडों से बच्चे निकलने के बाद मादा उन्हें दूध पिलाती है। लेकिन प्लैटिपस में स्तन नहीं होते हैं। दूध सीधे पेट की त्वचा के छिद्रों से रिसता है। बच्चे मां के पेट पर चिपककर दूध चाटते हैं। यह दूध बहुत पौष्टिक होता है और बच्चों को तेजी से विकसित होने में मदद करता है। प्लैटिपस मुख्य रूप से पूर्वी ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के मीठे पानी के इलाकों में पाया जाता है। ये रात में सक्रिय रहता है। दिन में बिल में छिपा रहता है। ये बेहतरीन तैराक है और पानी के नीचे दो मिनट तक सांस रोक सकता है। शिकार के समय अपनी चोंच से इलेक्ट्रिकल सिग्नल्स का पता लगाता है।



## इंजीनियरिंग

# जापान में हर साल आते हैं 1500 भूकंप लेकिन, शहर रहते हैं सुरक्षित!

### आखिर क्या है इसके पीछे का चमत्कारी कारण?

**टोक्यो।** सोचिए अगर किसी देश में हर साल 1500 बार धरती हिले, तो वहां का नजारा कैसा होगा। लेकिन, जापान एक ऐसा देश है जो इस भयानक चुनौती को रोज झेलता है और फिर भी शान से खड़ा रहता है। चार खतरनाक टेक्टोनिक प्लेटों के मिलन बिंदु पर बसे होने के बाद भी यहां की इमारतें ताश के पत्तों की तरह नहीं बिखरतीं। इसके पीछे कोई चमत्कार नहीं, बल्कि जापानी वैज्ञानिकों की दशकों की रिसर्च, बेहतरीन इंजीनियरिंग और आपदा से लड़ने की कमाल की तैयारी है। यह देश पैसिफिक, फिलीपीन सी, यूरेशियन और नॉर्थ अमेरिकन नामक चार बड़ी टेक्टोनिक प्लेटों के ऊपर स्थित है। ये प्लेटें लगातार आपस में टकराती और एक-दूसरे के नीचे खिसकती रहती हैं। यही कारण है कि दुनिया के कुल खतरनाक भूकंपों का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले जापान और उसके आसपास के इलाकों में दर्ज किया जाता है।



### बुलेट ट्रेन में ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेक

जापान की मशहूर शिंकानसेन (बुलेट ट्रेन) सीधे राष्ट्रीय भूकंप डिटेक्शन नेटवर्क से जुड़ी हुई है। जैसे ही सेंसर को तेज झटके का आभास होता है, हाई-स्पीड बुलेट ट्रेनों में ऑटोमैटिक तरीके से इमरजेंसी ब्रेक लग जाते हैं। विनाशकारी लहरों के आने से पहले ही ट्रेनें सुरक्षित रूप से रुक जाती हैं, जिससे आज तक बड़ा ट्रेन हादसा नहीं हुआ है।

**प्राचीन कला से ली गई आधुनिक प्रेरणा :** दिलचस्प बात यह है कि जापान की यह समझ सिर्फ आधुनिक नहीं है। सदियों पुरानी लकड़ी की जापानी मीनारें हमेशा भूकंप में सुरक्षित रही हैं। उनके बीच में एक मुख्य लकड़ी का खंभा होता है जिसे 'शिनबाशिरा' कहते हैं। भूकंप के समय यह खंभा पूरी इमारत को लचीलापन देता है। आज के आधुनिक इंजीनियर इसी प्राचीन कला का अध्ययन करके गगनचुंबी इमारतें तैयार कर रहे हैं।


### सख्त कानून और हर आपदा से सीखने की जिद

जापान ने अपने इतिहास में कई भयानक भूकंप झेले हैं, जैसे 1923 का ग्रेट कांतो भूकंप और 1995 का कोबे भूकंप. इन हादसों से सीख लेकर जापान ने अपने 'बिल्डिंग कोड' को दुनिया में सबसे सख्त बना दिया है। यहां कानूनन ऐसी इमारतें बनाना जरूरी है जो बिना गिरे भीषण झटके झेल सकें. वैज्ञानिक ई-डिफेंस नामक दुनिया के सबसे बड़े शेकिंग टेबल (भूकंप सिम्युलेटर) पर असली इमारतों का टेस्ट करते हैं ताकि कमियों को सुधारा जा सके।

### पलक झपकते ही चेतावनी देने वाला सिस्टम

जापान के पास दुनिया का सबसे तेज अर्थक्वेक अर्ली वार्निंग सिस्टम है। जैसे ही जमीन के अंदर प्राथमिक तरंगें उठती हैं, सेंसर उन्हें तुरंत पकड़ लेते हैं। विनाशकारी तरंगों के पहुंचने से कुछ सेकंड पहले ही पूरे देश के लोगों के मोबाइल पर अलर्ट चला जाता है। इतने कम समय में फैक्ट्रियों की मशीनें रुक जाती हैं, लिफ्ट सुरक्षित फ्लोर पर ठहर जाती हैं और लोगों को संभलने का मौका मिल जाता है।

# सूरज में भयंकर विस्फोट धरती की तरफ बढ़ रहा भयंकर सौर तूफान



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में सूरज के अंदर हुए जबरदस्त विस्फोट के बाद अमेरिका में वैज्ञानिक अलर्ट पर हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस विस्फोट के बाद कोरोनल मास इजेक्शन हुआ है। यह इलेक्ट्रिक चार्ज वाले कणों के एक विशाल बादल की तरह है, जो धरती की तरफ बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने भारतीय समयानुसार 4 जुलाई को जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म का अलर्ट जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि सीएमई का कम से कम कुछ हिस्सा पृथ्वी से जोरदार ढंग से टकरा सकता है। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक चार्ज से लैस सीएमई जब पथ्वी की ओर आते हैं, तो वे हमारे ग्रह के मैग्नेटिक फील्ड के साथ कर सकते हैं और जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म पदा कर सकते हैं। इससे शानदार नॉर्दर्न लाइट्स दिखाई दे सकती हैं।

### सूरज पर क्या हुआ?

*30 जून को सूरज ने 'रीजन 4479' नाम के एक्टिव स्पॉट से एक शक्तिशाली एक्स1.1 क्लास सौर ज्वाला (सोलर फ्लेयर) छोड़ी। सूरज के जिस रीजन 4479 से यह ज्वाला निकली, उसका मुंह पृथ्वी की ओर था। इसके चलते विस्फोट के चलते निकली एक्स-रे की तेज लहरें 8 मिनट से कुछ ज्यादा समय में पृथ्वी पर पहुंचीं। इससे उत्तरी अमेरिका में दिन के समय तेज रेडियो ब्लैक आउट हुआ। इसका असर मुख्य रूप से हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो इस्तेमाल करने वालों पर पड़ा। उन्हें सिग्नल में अस्थायी कमी या कुछ समय के लिए रुकावट का सामना करना पड़ा।*

### पृथ्वी से टकरा सकते हैं सीएमई

अब वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि सीएमई पृथ्वी से टकरा सकते हैं। हालांकि, ज्यादातर सीएमई पृथ्वी के उत्तर से गुजरेंगे। फिर इतने चार्ज इलेक्ट्रिकली चार्ज इतने कण वायुमंडल के संपर्क में आ सकते हैं कि अमेरिका के उत्तरी हिस्से में नॉर्दर्न लाइट दिख सकती हैं। हालांकि, यह तूफान के सटीक रास्ते और उसकी ताकत पर निर्भर करेगा।

# रहस्यमई मछली, जिसके अंदर झांक सकते हैं लोग

**नई दिल्ली।** समुद्र की गहराइयों में छिपी अनगिनत रहस्यमयी प्रजातियां इंसानों को लगातार हैरान करती रहती हैं। ऐसी ही एक अनोखी मछली है बैरेलाइन मछली , जिसका सिर पूरी तरह पारदर्शी यानी ट्रांसपेरेंट है। लोग इसके सिर के अंदर झांक सकते हैं। इसकी आंखें बाहर से ही नजर आती है। बैरेलाइन मछली समुद्र की सतह से करीब 2600 फीट (800 मीटर) नीचे रहती है, जहां रोशनी लगभग ना की मात्रा में पहुंचती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका ट्रांसपेरेंट सिर है। सिर के अंदर से इसकी बड़ी-बड़ी हरी चमकीली आंखें साफ दिखाई देती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह संरचना मछली को अंधेरे में बेहतर ढंग से शिकार देखने में मदद करती है। इसकी आंखें ट्यूब की तरह हैं और ऊपर की तरफ देख सकती हैं। जब शिकार ऊपर से आता है तो यह आसानी से उसे देख लेती है। ट्रांसपेरेंट सिर इसे अतिरिक्त सुरक्षा और विजन देता है।



### प्रकृति का कमाल

वैज्ञानिकों के अनुसार बैरेलाइन मछली लाखों सालों के विकास का नतीजा है। गहरे समुद्र में जहां दबाव बहुत ज्यादा होता है और रोशनी नहीं पहुंचती, वहां जीवित रहने के लिए इसने अनोखी शारीरिक संरचना विकसित की है। इस मछली की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। लोग कमेंट्स में लिख रहे हैं, 'लगता है प्लास्टिक की टोपी पहन रखी है', 'प्रकृति ने सच में कमाल किया है'। कई लोग इसे सबसे अनोखी मछली बता रहे हैं।

### अन्य गहरे समुद्र के जीव

बैरेलाइन मछली अकेली नहीं है। समुद्र की गहराई में एंग्लर फिश, गुल्पर ईल, वाइपर फिश जैसी कई रहस्यमयी प्रजातियां हैं जो बायोलुमिनेसेंस (खुद रोशनी पैदा करने) की क्षमता रखती हैं। ऐसी प्रजातियों का अध्ययन हमें समुद्र की गहराइयों और पृथ्वी के विकास के बारे में नई जानकारी देता है। कई वैज्ञानिक इन मछलियों को देखकर हैरान रह जाते हैं कि प्रकृति ने इतनी गहराई में जीवित रहने के लिए कितने अनोखे तरीके विकसित किए हैं। बैरेलाइन मछली समुद्र की रहस्यमयी दुनिया का एक छोटा सा उदाहरण है। इसका ट्रांसपेरेंट सिर और चमकीली हरी आंखें हमें याद दिलाती हैं कि हमारी पृथ्वी पर अभी भी बहुत कुछ अनजाना है।

## रूफटॉप मिस्टिंग सिस्टम

चीन का नया कारनामा

# गर्मी से निपटने के लिए बिल्डिंग की छत से पानी की बौछार

**बीजिंग।** चीन के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए वहां एक अनोखा तरीका अपनाया गया है। उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के युन्चेंग शहर में ऊंची रिहायशी इमारतों की छतों पर खास रूफटॉप मिस्टिंग सिस्टम लगाया गया है।

यह सिस्टम हवा में पानी की बहुत बारीक फुहार छोड़ता है, जिससे आसपास का तापमान कम होता है और लोगों को गर्मी से राहत मिलती है। इस तकनीक के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारतों की छतों से घने बादलों जैसी पानी की धुंध निकल रही है, जो नीचे सड़कों और पैदल चलने वाले रास्तों तक फैल जाती है।



**कई शहर तापमान कम करने के नए तरीके खोज रहे**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फुहार आसपास के क्षेत्र को ठंडा रखने में मदद करती है और तेज धूप तथा गर्म हवाओं के असर को कम करती है। भीषण गर्मी के बीच यह अनोखी व्यवस्था लोगों का ध्यान खींच रही है। बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन के बीच कई शहर तापमान कम करने के नए तरीके खोज रहे हैं। ऐसे में चीन का यह प्रयोग दिखाता है कि भविष्य में शहरों की योजना और इमारतों के डिजाइन में भी बदलाव करना पड़ सकता है।

### कैसे काम करता है यह कूलिंग सिस्टम?

यह सिस्टम इवेपोरेटिव कूलिंग के वैज्ञानिक सिद्धांत पर काम करता है। इसके तहत इमारतों की छतों पर लगाए गए हाई-प्रेशर नोजल हवा में पानी की बेहद बारीक बूंदों का छिड़काव करते हैं। जब ये बूंदें हवा में होती हैं, तो आसपास की गर्मी को अपने साथ सोख लेती हैं। ठीक उसी तरह जैसे पसीना शरीर से गर्मी खींचकर हमें ठंडक पहुंचाता है। चीनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जब बाहर का तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस होता है, तब यह सिस्टम कुछ ही मिनटों में आसपास के इलाके का तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकता है। इस सिस्टम की खास बात यह है कि पानी की बूंदें बहुत छोटी होती हैं। इसलिए गर्म और सूखे मौसम में वे तेजी से भाप में बदल जाती हैं। इससे सड़कों, इमारतों या लोगों के कपड़ों पर ज्यादा पानी नहीं पड़ता, लेकिन, वातावरण में ठंडक महसूस होने लगती है। भीषण गर्मी से जूझ रहे शहरों के लिए यह तकनीक एक नया और प्रभावी समाधान मानी जा रही है, जो लोगों को राहत देने के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में तापमान कम करने में भी मदद कर सकती है

# पालतू कुत्ते को चूमने झुकी दृष्टिहीन महिला सिर टकराया और लौट आई रोशनी

**वेलिंगटन।** एक मामूली हादसे ने मेडिकल साइंस को भी हैरान कर दिया और एक महिला की जिंदगी में 13 साल बाद दोबारा उजाला भर दिया। यह अनोखी कहानी न्यूजीलैंड के ऑकलैंड की रहने वाली लिसा रीड की है। जब लिसा महज 11 साल की थीं, तब उनके दिमाग में एक ट्यूमर हो गया था। इस ट्यूमर ने उनकी आंखों की नसों को इतना दबा दिया कि उन्होंने अपनी देखने की क्षमता पूरी तरह खो दी। इसके बाद के 13 साल लिसा ने पूरी तरह अंधेरे में काटे और वह अपने हर छोटे-बड़े काम के लिए अपने गाइड डॉग पर निर्भर थीं। लेकिन, नवंबर 2000 की एक रात उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई। लिसा रात को सोने से पहले अपने गाइड डॉग को गुडनाइट कहने के लिए नीचे झुकीं, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और उनका सिर पास रखी कॉफी टेबल से जोर से टकरा गया। सिर में दर्द होने की वजह से लिसा उस वक्त तो सो गईं, लेकिन अगली सुबह जब उनकी आंख खुली, तो वह दंग रह गईं। उन्हें धुंधला ही सही, लेकिन सामने की चीजें साफ नजर आ रही थीं। डॉक्टरों के पास भी इस घटना का कोई सटीक वैज्ञानिक जवाब नहीं था, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि टेबल से लगी उस चोट के कारण दिमाग का ट्यूमर अपनी जगह से थोड़ा खिसक गया होगा, जिससे आंखों की दबी हुई नसें आजाद हो गईं।

### 13 साल बाद देखा मां-बाप का चेहरा!

इस हादसे के बाद लिसा को एक आंख से करीब 80 परसेंट दिखाई देने लगा, हालांकि, उनकी दूसरी आंख की रोशनी वापस नहीं आ पाई। लेकिन, इस अधूरी रोशनी ने भी उनकी जिंदगी में खुशियां भर दीं और उन्होंने सालों बाद पहली बार अपने माता-पिता का चेहरा देखा।

## भगवती की आराधना का पर्व गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई से प्रारंभ

# इस बार बना रहा मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग व बुद्धादित्य योग संयोग

**17 जुलाई को चतुर्थी तिथि का क्षय होने से तृतीय-चतुर्थी तिथि एक दिन होगी पूजा, इस बार आठ दिन की होगी नवरात्रि**



जबलपुर

आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से लेकर नवमी तक गुप्त नवरात्रि विधान किया जाता है। इसमें श्रद्धालु गुप्त रूप से मां भगवती की आराधना कर संकल्प सिद्धि प्राप्त करते हैं। इस बार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुप्त नवरात्रि विधान 15 जुलाई बुधवार से प्रारंभ होकर 22 जुलाई बुधवार भड़ली नवमी तक यानी 8 दिन का होगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार गुप्त नवरात्रि मातंग योग, हर्षण योग, गज केसरी योग, बुद्धादित्य योग, पुष्य नक्षत्र और कर्क राशि स्थित चंद्र के समय प्रारंभ हो रहा है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ मंगलवार दोपहर 3.14 बजे हो रहा है। यह तिथि बुधवार के दिन दोपहर 11:51 बजे तक रहेगी। बुधवार के दिन प्रतिपदा तिथि सूर्योदय व्यापिनी होने के साथ-साथ तीन मुहूर्त से भी अधिक दिनमान को व्याप्त कर रही है।

इसलिए गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 15 जुलाई बुधवार को पुष्य नक्षत्र में होगा। इन दिनों में साधक विशेष रूप से तंत्र, मंत्र उपासन, नवदुर्गा एवं 10 महाविद्या अथवा अपनी ईष्ट देवी की आराधना गुप्त रूप से करते हैं। लौकिक रूप से पूजा, उपासना साधारण प्रतीत होती है, लेकिन नियम, पालन और मौन साधना महत्वपूर्ण मानी गई है। गुप्त नवरात्रि शक्ति उपासना का अमूल्य अवसर माना गया है। इसलिए देवी मंदिरों पर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। 19 जुलाई रविवार को सुबह 6:01 बजे से लेकर दूसरे दिन तड़के तक सर्वार्थ सिद्धि योग की निष्पत्ति हो रही है। इसी दिन शाम 6:12 बजे से दूसरे दिन सुबह 6:01 बजे तक अमृत योग घटित हो रहा है।

### अबूझ मुहूर्त होने से विवाह जैसे मांगलिक कार्य होंगे संपन्न

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भड़ली नवमी 22 जुलाई बुधवार के दिन घटित होगी। 16 जुलाई से गुरू तारा अस्त होने के बाद भी भड़ली नवमी अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन विवाह जैसे मांगलिक कार्य संपन्न किए जाएंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से नवमी तक के समय में गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। इन गुप्त नवरात्रि में मां भगवती जगदंबा की गुप्त रूप से तांत्रिक आराधना करने का भी विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि के दिनों में मां जगदम्बा की साधना करने वालों को दुर्लभसिद्धियां प्राप्त होती हैं।

## पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी का 93वां जन्मदिन मनाया



### जनसेवा और लोकतंत्र संरक्षण में योगदान को किया याद

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री एवं लोकतंत्र सेनानी जयश्री बैनर्जी का 93वां जन्मदिन श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पाटन विधायक अजय विश्नोई सहित भाजपा नेताओं, समाज के वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और लोकतंत्र की रक्षा में दिए गए योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने बताया कि जयश्री बैनर्जी ने जनसंघ से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहीं तथा 13वीं लोकसभा में जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया। आपातकाल के दौरान उनका परिवार लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष में सक्रिय रहा। उनके परिवार का शिक्षा, समाजसेवा, दिव्यांग कल्याण और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान रहा है।जन्मदिवस के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक मुकेश कुमार सेन ने जयश्री बैनर्जी एवं स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी का चित्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नगर, प्रदेश और देश के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।



## कृषि वानिकी प्रशिक्षण में किसानों को वैज्ञानिक खेती व वृक्षारोपण की दी जानकारी

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित कृषिवानिकी अनुसंधान परियोजना के तहत कुण्डम विकासखंड के ग्राम बरखेड़ा में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को अरहर की वैज्ञानिक खेती, उन्नत उत्पादन तकनीक, हरी खाद के उपयोग, केंचुआ खाद निर्माण तथा मृदा उर्वरता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रदर्शन के लिए किसानों को अरहर बीज का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में किसानों एवं विद्यार्थियों के साथ खेतों की मेड़ों पर वृक्षारोपण कर कृषिवानिकी, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में वृक्षों की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में परियोजना वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ सर्वदे, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एस.बी. अग्रवाल एवं डॉ. अनिल कुमार कोरी ने तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. अश्विनी कुमार जैन, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय कुमार यादव, डीन डॉ. अल्पना सिंह तथा विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. खरे के निर्देशन में आयोजित किया गया।



## 75 वर्ष पुरानी लंगर-ए-इमाम की परंपरा इस वर्ष भी अकीदत के साथ निभाई

**जबलपुर।** गोहलपुर की नई बस्ती में मुहर्रम के अवसर पर करीब 75 वर्षों से चली आ रही लंगर-ए-इमाम की परंपरा इस वर्ष भी अकीदत के साथ निभाई गई। लंगर में हजारों अकीदतमंदों ने तबर्रुक हासिल किया। आयोजन समिति ने बताया कि बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई इस रिवायत को नई पीढ़ी आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर पार्षद याकूब अंसारी ने इसे भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बताया एवं वरिष्ठ शायर मुख्तार नादिर साहब का इस मौके पर विशेष रूप से इस्तकबाल किया गया। मोहम्मद अख्तर, हाजी बुद्धू, इसरार अहमद (नारू साहब), अयाज अहमद अंसारी, मसूद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सेंट्रल बैंक ने एनपीए संपत्ति का लिया भौतिक कब्जा, नीलामी की प्रक्रिया शुरू

**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण अदायगी नहीं होने पर एनपीए घोषित औद्योगिक भूमि का शुक्रवार को भौतिक कब्जा ले लिया। बैंक के अनुसार ग्राम उमरिया डूंगरिया, तहसील शहपुरा स्थित खसरा नंबर 136, प्लॉट नंबर 23, सेक्टर बी-1 की 1250 वर्गमीटर औद्योगिक भूमि, जो मेसर्स रावत केमिकल इंडस्ट्रीज तथा बंधककर्ता अतुल रावत से संबंधित है, का ऋण खाता 31 मार्च 2022 को अनर्जक आस्ति (एनपीए) घोषित किया गया था।अपर कलेक्टर (ग्रामीण) के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार चरगवां सुरेश सोनी, राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह एवं पटवारी प्रमोद विश्वकर्मा की मौजूदगी में शुक्रवार को संपत्ति का भौतिक कब्जा लिया गया। इस दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी संजय कुमार एवं शाखा प्रबंधक विवेक नामदेव भी उपस्थित रहे।

## शरद यादव की याद में किया वृक्षारोपण सामाजिक न्याय के विचारों को किया याद



**जबलपुर।** समाजवादी नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एनडीए के पूर्व संयोजक स्व. शरद यादव की जयंती पर शरद यादव विचार मंच तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र पूर्व छात्र संघ (शिक्षण विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर चौक स्थित ललित उद्यान में वृक्षारोपण एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शरद यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा नीम, पीपल और आम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

सभा में रामरतन यादव, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, डॉ. प्रशांत मिश्रा, राधेश्याम अग्रवाल, एडवोकेट फूलचंद पालीवाल, जितेंद्र यादव, डॉ. मुस्ताक मंसूरी, सीताराम पटेल, एडवोकेट ओ.पी. यादव, एडवोकेट सुधीर शर्मा, जगदीश नांदेड़, भगवानदास पटेल, इंद्र कुमार कॉलेज, रमेश रजक, इफ्तिखार अहमद, मेहंदी हसन, अमित पांडे, एडवोकेट विनायक साह, एडवोकेट परमानंद साहू, एडवोकेट देवेंद्र साहू, प्रदीप पटेल एवं एडवोकेट अनुराग सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शरद यादव के सामाजिक न्याय, पिछड़ों-दलितों के अधिकार, धर्मनिरपेक्षता और मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कराने में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें ₹मंडल मसीहा₹ बताया। कार्यक्रम में संविधान, सामाजिक न्याय और भाईचारे की रक्षा का संकल्प लिया गया तथा उनकी जयंती पर प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करने का निर्णय भी लिया गया।



## होटल उद्योग की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए विद्यार्थी, करियर की मिली जानकारी

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के तत्वावधान में होटल वेटिवर ग्रैंड में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के करीब 40 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझते हुए रिसेप्शन, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज, किचन, बैंक्वेट और ग्राहक सेवा सहित विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की। होटल विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को होटल उद्योग में करियर की संभावनाओं से भी अवगत कराया। संगठन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और सही करियर मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में होटल संचालक मनीष खत्री के सहयोग से डॉ. अजय वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी एवं डॉ. अभिषेक जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नाजिया इलाही के खिलाफ जबलपुर में जीरो पर एफआईआर दर्ज, विरोध के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

**जबलपुर।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नाजिया इलाही खान के खिलाफ पैगंबर मोहम्मद साहब पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में हनुमानताल थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की है। पिछले चार दिनों से मुस्लिम समाज एवं अधिवक्ताओं द्वारा कार्रवाई की मांग की जा रही थी। गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार घटना अन्य राज्य से संबंधित होने के कारण मामला संबंधित क्षेत्र की पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।



महाकौशल लॉ एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता अंकुर चौधरी ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर एसपी कार्यालय का घेराव किया गया, जिसके बाद एफआईआर दर्ज हुई। उन्होंने नाजिया इलाही के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं, नाजिया इलाही ने वायरल वीडियो को एआई से तैयार बताया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।



## उमराह के लिए प्रस्थान

**जबलपुर।** मोहम्मद सईद मंसूरी, गरीबरथ एक्सप्रेस से मुम्बई के लिए रवाना हुए वहां से हवाई जहाज द्वारा पवित्र स्थान मक्का-मदीना शरीफ़ पहुँचकर उमराह के अरकान अदा करेंगे । इस शुभ अवसर पर जबलपुर रेलवे-स्टेशन में हाजी अब्दुल लतीफ, अज्जु चाचा, मुख्तार चाचा, मोहम्मद साबिर, अब्दुल कादिर, मोहम्मद जफ़र, शाहिद मंसूरी, राजु मंसूरी, मोहम्मद आदिल, हनीफ भाई, उस्मान भाई आदि ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया एवं उनके सफ़र की सलामती तथा उमराह की कबूलियत के लिए दुआएं की।

## स्कूल में छात्र को सांप काटने की घटना पर एनएसयूआइ का प्रदर्शन, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग



**जबलपुर।** तैयब अली चौक स्थित क्राइस्ट चर्च स्कूल में छात्र को सांप काटने की घटना के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने घटना की निष्पक्ष जांच, विद्यार्थियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तथा स्कूल परिसर की नियमित साफ-सफाई और झाड़ियों को हटाने की मांग की।

छात्रनेता अनुराग शुक्ला और शफी खान ने आरोप लगाया कि बच्चों से घास कटवाना शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE) का उल्लंघन है तथा बरसात के मौसम में बिना सुरक्षा के झाड़ियों में भेजना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो संगठन आंदोलन तेज करेगा। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव एजाज अंसारी, अंकित शुक्ला, अंकित कोरी, वकार खान, ऐश्वर्या नाहिर, पुष्पराज सिंह राजपूत, युग ठाकुर, ऋषि यादव, निखिल बंशकार, आर्यन चौधरी, अनिकेत तिवारी, करण अंबाला सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I, WAS KNOWN AS HURRAT UL MALIKA AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, AND SHALL BE KNOWN AS HURRAT SAIFY W/O YUSUF SAIFY RESIDENT OF 1627/1628, NAPIER TOWN, BEHIND INCOME TAX OFFICE JABALPUR (M. P.) 482001.

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अब्दुल कादिर खान आत्मज हाजी अब्दुल गफूर खान उम्र 62 वर्ष, निवासी 1596, हनुमानताल जैन धर्मशाला के पास, जबलपुर, सम्पत्ति- सुभाष नगर स्थित प्लाट नं.743/1-क रकबा 2610 वर्गफुट (242.542 वर्गमीटर) के मालिक स्वामी काबिज हैं, इस संबंध में दिनांक 27.09.20214 को माननीय दशम सिविल न्यायाधीश वर्ग-2 के द्वारा प्रकरण क्रमांक- 90-ए /2013 में वादी के पक्ष में मेरे पक्षकार को बेदखल न करने व निर्माण आदि न करने का निर्णय डिक्री पारित की गई है जो अभी तक प्रभावशील है, अतः कोई भी व्यक्ति व संस्था उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था से उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार को संव्यवहार, कय विक्रय, इकरार इत्यादि ना करें, अन्यथा ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
जबलपुर, दिनांक 03.07.2026

भवदीय
शबाब खान
अधिवक्ता
सीट नं. 98 जी-1 ग्राउंड फ्लोर
जिला न्यायालय जबलपुर मध्य प्रदेश
Mob.No.9300712859,7987585748

In The Court Of XXXIII Civil Judge Class IDistrict Court, Jabalpur
Presiding Officer अंकिता त्रिपाठी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MIC SUC/0000054/2026)
शिखा विश्वकर्मा................आवेदक Vs
आम जनता....................अनावेदक
Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक: 23/07/2026
(1) आम जनता पता- जबलपुर मप्र
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिखा विश्वकर्मा पता म.न.- 13 निवास रोड धनपुरी पोस्ट धनपुरी थाना बारेला जिला जबलपुर म.प्र. पिन कोड-483001 ने मृतक आनंद विश्वकर्मा निवासी 13 धनपुरी जबलपुर म.प्र. 483001 की यूनाइटेड इण्डिया इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड राईट टाउन जबलपुर से जमा राशि प्राप्त हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 23 July 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23 July 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 03 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मुद्रा (अंकिता त्रिपाठी)
तेतीसवें सिविल न्यायाधीश जबलपुर (म.प्र.)
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## डॉ. सैमुअल हनीमैन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित

**जबलपुर।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) की मध्यप्रदेश शाखा ने होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हनीमैन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने डॉ. हनीमैन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन एवं होम्योपैथी के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया।राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आर.के. चतुर्वेदी ने डॉ. हनीमैन के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सीताराम केवट ने प्रेरक प्रसंग साझा किए। वैज्ञानिक परिचर्चा में डॉ. दीपक शुक्ला एवं डॉ. शिवा सिंह पंडित ने होम्योपैथिक चिकित्सा के सिद्धांतों और समसामयिक विषयों पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता, प्रदेश महामंत्री डॉ. अवधेश भट्ट, संगठन मंत्री डॉ. तुलाराम लड़िया, डॉ. रविशंकर नामदेव, डॉ. विकास विश्वकर्मा, डॉ. सीमा शर्मा सहित अनेक होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित रहे। अंत में जनसेवा एवं होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया गया।

## स्वामी अगेह भारती की पांच कृतियों का लोकार्पण 'साधनाश्री अलंकरण' से हुए सम्मानित

**जबलपुर।** पाथेय संस्था एवं नमस्ते पहल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गोलबाजार स्थित नूतन मराठी स्कूल में ओशो संन्यासी स्वामी अगेह भारती की पांच विचारपरक कृतियों का भव्य विमोचन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, अध्यक्ष प्रतुल श्रीवास्तव तथा सारस्वत अतिथि आचार्य विजय 'किसलय' सहित संतोष नेमा, विनीता पैगवार विधि, आशुतोष तिवारी, अमरेंद्र नारायण, प्रो. एच.बी. पालन, डॉ. अखिलेश गुमास्ता एवं अनुराग तिवारी उपस्थित रहे। संयोजक राजेश पाठक 'प्रवीण' ने कृतियों को मानवीय चेतना और ओशो दर्शन का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। वक्ताओं ने स्वामी अगेह भारती के साहित्यिक योगदान को समाज और साहित्य जगत की अमूल्य धरोहर बताया।




इस अवसर पर मां ध्यान निरूपा एवं स्वामी अगेह भारती को 'साधनाश्री अलंकरण' से सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार पवन पांडे, डॉ. अनिल कोरी, विनीता विधि, डॉ. एच.पी. तिवारी सहित अनेक साहित्यकारों एवं समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अर्चना गोस्वामी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जबकि आभार आलोक पाठक ने व्यक्त किया। समारोह में अनीता कोहली, अनुश्री चौबे, स्वामी विवेक, संदेश जैन, अरविंद राय, आशीष समैया, अशोक जैन, हरकेश बहादुर सिंह, आर.के. पासी, रमाकांत गौतम सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## स्वरा बेबी ने सेबी में दाखिल की डीआरएचपी

मुंबई। स्वरा बेबी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस आईपीओ में 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिनका कुल मूल्य 500 रुपए करोड़ तक होगा। इसके साथ ही, 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले पुराने शेयर भी बेचे जाएंगे, जिनका कुल मूल्य भी 500 रुपए करोड़ तक होगा। प्रमोटर बेचने वाले शेयरधारकों की तरफ से ऑफर फॉर सेल के तहत, ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा 2 रुपए अंकित मूल्य वाले 300 करोड़ रुपए तक के शेयर और अनाद्या बॉन मर्चरी एलएलपी द्वारा 2 अंकित मूल्य वाले 200 करोड़ तक के शेयर बेचे जाएंगे।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा : एमएस धोनी ने लांच किया एलन टैलेंटेक्स-2027

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एलन टैलेंटेक्स-2027 के 13वें संस्करण का शुभारंभ भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान और युवा आइकन महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इसके साथ ही परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग के साथ एलन के कोर्स शुल्क पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा, चीफ एकेडमिक ऑफिसर सीआर चौधरी तथा पिछले पांच वर्षों के टॉप रैंकर्स मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने महेंद्र सिंह धोनी से सफलता, तैयारी और करियर को लेकर सवाल पूछे, जिनका उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर जवाब दिया।

विद्यार्थियों को मिलेगा 90 फीसदी तक स्कॉलरशिप का अवसर




एमएस धोनी के साथ एलन के विद्यार्थी

### 5वीं से10वीं तक के विद्यार्थी के लिए अर्ली बर्ड रजिस्ट्रेशन 15 तक

एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए अर्ली बर्ड रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई तक किए जा सकेंगे। कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में से आयोजित होगी। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय रैंकिंग, आकर्षक पुरस्कारों के साथ एलन की कोर्स फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का अवसर मिलेगा। प्रत्येक विद्यार्थी को कम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स प्रदान किया जाएगा,वह अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आकलन कर सकेगा।

## खेल हो या शिक्षा, सफलता के लिए सही तैयारी और सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी : धोनी

धोनी ने कहा कि जितनी जल्दी विद्यार्थी स्वयं को समझ लेते हैं, उतनी ही बेहतर तरीके से अपने भविष्य की तैयारी कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर ध्यान देते हुए लगातार खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। उनके अनुसार टैलेंटेक्स जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानने, कमजोरियों का आकलन करने और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर देती हैं। उन्होंने कहा कि खेल हो या शिक्षा, सफलता के लिए सही तैयारी और सही मार्गदर्शन बेहद जरूरी है।

### एलन के 24 क्लासरूम विद्यार्थियों ने टॉप-50 ऑल इंडिया रैंक हासिल की

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि टैलेंटेक्स का उद्देश्य देशभर की युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें सही दिशा देना है। उन्होंने बताया कि जेईई एडवांस्ड-2026 में एलन के 24 क्लासरूम विद्यार्थियों ने टॉप-50 ऑल इंडिया रैंक हासिल की, जबकि नीट-2025 में संस्थान के 39 विद्यार्थी टॉप-100 में शामिल रहे।

**40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने किया एलन से मार्गदर्शन प्राप्त**

संस्थान के अनुसार अब तक 21 लाख से अधिक विद्यार्थी टैलेंटेक्स परीक्षा में भाग ले चुके हैं, जबकि 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एलन से मार्गदर्शन प्राप्त किया है।

वर्तमान में एलन देश के 78 शहरों में 300 से अधिक क्लासरूम कैंपस और 400 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहा है।

## नायरा एनर्जी के दाम घटाने के बाद सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव

# पंप संचालक, वाहन मालिकों ने कहा-ईंधन के दाम में कटौती करें,जनता को राहत दें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नायरा एनर्जी द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए जाने के बाद अब पेट्रोल पंप संचालक और वाहन चालकों ने सरकारी तेल कंपनी से भी ईंधन कीमतों में कमी की मांग तेज कर दी है। कहा जा रहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हैं, तो उसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में पेट्रोल और डीजल के दाम अपेक्षाकृत अधिक हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में कमी से न केवल आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत भी घटेगी और महंगाई पर नियंत्रण में मदद मिलेगी।




फाइल फोटो

### कीमत का असर ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा की वस्तुओं पर

ट्रांसपोर्टर सीएल मुकाती, हरीश डाबर सहित स्थानीय वाहन चालकों और उपभोक्ताओं ने कहा कि ईंधन की मौजूदा कीमतें महंगाई बढ़ने का कारण बन रही हैं। डीजल की कीमत का असर सीधे ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ता है, इसलिए सरकार को तुरंत राहत देनी चाहिए। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने मांग की है कि जब निजी कंपनियां कीमतों में कटौती कर सकती हैं तो सरकारी तेल कंपनियों को भी बाजार परिस्थितियों के अनुसार दाम कम करने चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को समान लाभ मिल सके। कारोबारियों और वाहन चालकों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी स्तर पर बनी रहती हैं, तो आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल के दामों में संशोधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### नायरा एनर्जी के ईंधन मूल्य घटाने के फैसले का स्वागत

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनके अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने नायरा एनर्जी द्वारा पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम में 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आम उपभोक्ताओं के हित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय से गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन इसका पूरा लाभ अभी तक देश के उपभोक्ताओं, परिवहन क्षेत्र, व्यापार और उद्योग को नहीं मिल पाया है। ऐसे में नायरा एनर्जी का यह फैसला राहत देने वाला है। राजेंद्र कपूर ने केंद्र सरकार तथा सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों से भी वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल और डीजल के दामों में शीघ्र और पर्याप्त कमी करने की मांग की है।

## तनाएरा ने शुरू की क्युरेटेड कलेक्शन पर सेल

मुंबई। टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने अपनी सेल शुरू करने की घोषणा की है, अब तनाएरा के उपभोक्ता हाथ से बनी साड़ियां और अन्य परिधान किफायती दामों पर हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**/ / पंचम निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2026_UAD_517452_1 PRO- 354 Date- 03/07/2026 | नगर निगम जबलपुर के वार्ड सरदार बल्लभ भई पटेल में शिवाजी नगर मांडवा बस्ती की जर्जर मेनरोड, गली की सड़को का निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य। | 27.91/- लाख<br>चार माह | 2000/-<br>21000/- | 19/07/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि / यां.) संभाग क्र. 1,**

web site: www.mppwd.gov.in शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन कोड 462003 email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

निविदा क्रमांक 49 से 55 / 2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना** भोपाल, दिनांक 29/06/2026

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रीत की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_518403_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | For providing electrification work for for RR/SR/MOW/OW in various D type and E type Bungalows in 74 Bungalow under 74 Bungalows section of PWD (E&M) Sub Division M 1, Bhopal | प्रथम | 44.70 |
| 2 | 2026_PWDRB_518404_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN AUDITORIUM MANDU BUILDING IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.50 |
| 3 | 2026_PWDRB_518405_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN KANHA GUEST HOUSE, SHIPRA GUEST HOUSE AND SUBSTATION IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.60 |
| 4 | 2026_PWDRB_518406_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN LAL KOHTI (GOVERNOR HOUSE) AND JAWAHARKHAND IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.80 |
| 5 | 2026_PWDRB_518407_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN VARIOUS STAFF QUARTERS IN LOKBHAWAN CAMPUS UNDER LOKBHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 44.442 |
| 6 | 2026_PWDRB_518408_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN FIRST FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.484 |
| 7 | 2026_PWDRB_518410_1 | भोपाल | वर्षिक मरम्मत विद्युत कार्य | FOR PROVIDING E/F WORK FOR AR RR/SR/DEPOSIT/MOW/OW IN THIRD FLOOR OF NIRMAN BHAWAN ARERA HILLS UNDER NIRMAN BHAWAN SECTION OF PWD (E/M) SUB DIVISION M-1 BHOPAL | प्रथम | 42.50 |

उपरोक्त बेव साईट से आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 17/07/2026 सांय 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन. आई. टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

G-15145/26 "स्वच्छता ही सेवा"

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, भोपाल

# एयरटेल ने अमरनाथ यात्रा के लिए कनेक्टिविटी मजबूत की

एजेंसी ▶▶ जम्मू/श्रीनगर

भारती एयरटेल ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर अपने मोबाइल नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की है। इस पहल से क्षेत्र में तीर्थयात्रियों, सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय प्रशासन के लिए कनेक्टिविटी को और मजबूत किया गया है। बालटाल में अपनी मौजूदा उपस्थिति के अलावा, एयरटेल ने चंदनवाड़ी, पिस्सू टॉप और बेताब घाटी में नेटवर्क साइटस तैनात कर महत्वपूर्ण पहलगाम मार्ग पर नेटवर्क कवरेज स्थापित किया है। इसके साथ ही पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। यात्रा के दौरान संचार इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए यह तैनाती संबंधित सरकारी प्राधिकरणों और स्थानीय प्रशासन के साथ आपसी समन्वय में की गई है। विस्तारित नेटवर्क कवरेज से विश्वसनीय वॉयस और डेटा कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी, आपातकालीन संचार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा लाखों तीर्थयात्रियों के लिए डिजिटल पहुंच बेहतर होगी।

### दोनों मार्ग पर नेटवर्क

भारती एयरटेल के सीओओ, विक्रम आरएस, ने कहा कि एयरटेल में हम सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में भी लोगों, समुदायों और आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रूप से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए पहलगाम और बालटाल, दोनों मार्गों पर हमारे नेटवर्क का विस्तार जम्मू-कश्मीर में हमारे निरंतर निवेश का प्रमाण है। साथ ही, इस महत्वपूर्ण वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं, सुरक्षा बलों और प्रशासन को हर समय विश्वसनीय कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**

**अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 07/08/2026**

क्षेत्रीय कार्यालय - साउथ एवेन्यू मॉल के सामने, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई– नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति–दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा | मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति माया विश्वकर्मा पति श्री बिहारी विश्वकर्मा ( उधारकर्ता/ संपत्ति बंधककर्ता)<br>पता : इंदिरा गाँधी वार्ड, शिव नगर मेमोरियल स्कूल के पीछे, मूरवारा, कटनी, म.प्र. 483501, पता : शिव नगर कॉलोनी, नदीपार, इंदिरा गाँधी वार्ड, तहसील व जिला कटनी, म. प्र. 483501 एवं पता: शिवनगर कालोनी, इन्दिरागांधी वार्ड, मौजा मुडवारा न. ब. 493, प0ह0न0 45/2, खसरा नं 112/10, तहसील व जिला कटनी म0प्र0<br>संबंधित शाखा : हरदुआ | 22/05/2025<br>12/08/2025<br>रु 5,14,887.55 /-<br>+ भविष्य ब्याज<br>+ विधिक व्यय | स्थावार संपत्ति का विवरण: (1) संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे शिंवनगर कालोनी इन्दिरागांधी वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी म0प्र0 के हक व स्वामित्व की भूमि व भवन मौजा मुडवारा इन्दिरागांधी वार्ड कटनी न. ब. 493, प0ह0न0 45/2 तहसील व जिला कटनी म0प्र0 में स्थित भूमि खसरा नंवर 112/10 रकवा 949 वर्गफुट डायवर्टेड भूमि है जिसमें आवासीय उपयोग का भवन निर्मित है।<br>संपत्ति स्वामी/ बंधककर्ता: श्रीमति माया विश्वकर्मा पति श्री बिहारी विश्वकर्मा<br>चतु:सीमा: उत्तर - प्रस्तावित रास्ता 18 फुट चौडा, दक्षिण- अच्छेलाल काछी की जमीन, पूर्व-सविता देवी की जमीन, पश्चिम-गुलाब बांई की जमीन<br>प्रलक्षित कब्जा | रू. 24,10,500.00<br>रू. 2,41,050.00<br>रू. 20,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी (मो. 8226014333) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन तीस (30) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांकः 04/07/2026, जबलपुर

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

# फ्लिपकार्ट गॉट सेल में एआई+ स्मार्टफोन्स और AIoT डिवाइसेस पर आकर्षक ऑफर्स

नई दिल्ली। एआई+ स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट की 'गॉट सेल' के लिए अपने स्मार्टफोन्स और AIoT डिवाइसेस पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। फ्लिपकार्ट प्लस ग्राहकों के लिए सेल 3 जुलाई से शुरू होगी, जबकि 4 जुलाई से सभी ग्राहक इसका लाभ उठा सकेंगे। सेल का प्रमुख आकर्षण एआई+ पल्स 2 स्मार्टफोन है, जिसे अब तक की सबसे कम कीमत 8,999 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के अनुसार, एआई+ पल्स 2 में 6.745 इंच एचडी+ डिस्प्ले, 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, यूनिसॉक टी7250 प्रोसेसर, 50 मेगापिक्सल एआई कैमरा, 6000mAh बैटरी और एंड्रॉइड 16 आधारित एनएक्सटीक्वांटम ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है। इसके अलावा नोवा 2, नोवा 2 नियो, नोवा 2 प्रो और नोवा 2 अल्ट्रा स्मार्टफोन्स पर भी आकर्षक ऑफर्स मिलेंगे। कंपनी के सीईओ एवं एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर वैल्यू, क्लीन सॉफ्टवेयर और भरोसेमंद परफॉर्मेंस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष ऑफर्स पेश किए गए हैं। सेल के दौरान नोवावॉच एक्टिव, नोवावॉच किड्स 4जी, पहली बार बिक्री के लिए उपलब्ध नोवावॉच रोटेटकैम 4जी, वेयरबड्स, नोवापॉड्स गो और पल्स टैब सहित AIoT प्रोडक्ट्स पर भी विशेष छूट मिलेगी।




## शब्द पहेली - 6276



बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

### शब्द पहेली -6275 का हल



## सूडोकु नवताल - 6286

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6285 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।लोगों की उनकी पर्सनल जिंदगी के बारे में बहुत सी राय थीं, लेकिन मुझे लगता है कि उन दोनों ने इसे बहुत अच्छे से संभाला। यह सब आपसी सहमति से हुआ। मैं एक बात साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि कभी भी 400 करोड़ की एलिमनी नहीं दी गई थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब मैं ऑनलाइन लोगों को यह कहते हुए देखती हूं कि 400 करोड़ दिए गए और सुजैन और अमीर हो गईं, तो मुझे बहुत बुरा लगता है।

टीवी मसाला




# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सट्र्स के लिए समर्पित कर दिया।



# गोलपोस्ट के 'सुपरमैन' साइमन, विश्व कप में 519 मिनट तक नहीं टूटा किला

## 36 साल बाद टूटा विश्व कप का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| इंगलवुड

स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर जेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी।साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ एक भी नहीं, जिसने अपने पांचों शॉट लक्ष्य पर नहीं मारे।

### साइमन का शानदार प्रदर्शन

साइमन और स्पेन ने 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप में चार मैचों में सिर्फ तीन गोल खाए, फिर भी उन्हें टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होना पड़ा था। साइमन का गोल न खाने की यह सिलसिला स्पेन की जापान से 2-1 की हार के दौरान शुरू हुआ और मोरक्को के साथ गोलरहित ड्रॉ तक जारी रहा। मोरक्को ने तब पेनल्टी शूटआउट में साइमन के खिलाफ अपने चार पेनल्टी में से तीन को गोल में बदलकर स्पेन को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

**कोच की पहली पसंद :** स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'मुझे उस पर गर्व है। मुझे लगता है कि वह मेरे परिवार का सदस्य है।

# पुर्तगाल और क्रोएशिया के मैच में विवाद, फैंस ने फेंकी बोतलें

## हार के बाद छलके क्रोएशियाई खिलाड़ियों के आंसू



**टोरंटो।** गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया। अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई।

### रोनाल्डो का विश्व कप नॉकआउट में पहला गोल

क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया, जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के नायक रामोस रहे, जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा।



# स्पेन का कलात्मक खेल, 16 साल बाद नॉकआउट में एंट्री

## ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर स्पेन ने किया अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸| इंगलवुड

मिकेल ओयार्ज़बल के दो गोल की मदद से खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर 2010 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में कोई मैच जीता। ओयार्ज़बल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस बीच पेड्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहा। उसने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक और कलात्मक खेल का अच्छा नमूना पेश किया। स्पेन के खिलाफ मौजूदा विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं हुआ है। ऑस्ट्रिया की टीम गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा पाई। इस तरह से स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट (मैच में कोई गोल नहीं खाना) हासिल करने में सफल रहे।

### हमने अच्छा मैच खेल दिखाया : ओयार्जाबल

ओयार्जाबल ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने टीम को अगले दौर में पहुंचाने में मदद की। अब थोड़ा आराम करके अगले मैच के लिए तैयार होना है। यह मुश्किल मैच था। हम जानते थे कि एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलना कठिन होगा, लेकिन हमारा दिन बहुत अच्छा रहा और हमने अच्छा मैच खेल दिखाया।'



# एम्बोलो ने दागा 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया जश्न

एजेंसी ▸▸| वैंकूवर

ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंजाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतरराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया।(स्विट्जरलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा।

स्विट्जरलैंड ने 1938 में फ्रांस में खेले गए विश्व कप के बाद नॉकआउट राउंड का कोई मैच नहीं जीता था, लेकिन 1954 में उसकी टीम ने प्लेऑफ मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम पिछले तीन विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही।

## खबर संक्षेप



### कनाडा ओपनः आकर्षि, तान्या बाहर, भारतीय चुनौती खत्म

**मार्खम।** तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप की कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में हार के साथ भारतीय चुनौती का अंत हो गया। तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की रिको गुनजी ने तान्या हेमनाथ को महज 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित किया। आकर्षि ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 20-22, 21-17, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तान्या ने शुरुआती दौर में अमेरिका की दिशा गुप्ता को जबकि आकर्षि ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई थी।

### दीक्षा ने बनाई बढ़त सातवें स्थान पर अदिति



**हुलेनकोर्ट ।** भारत की दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के पहले दौर में बिना किसी बोगी के चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर तीन अन्य गोल्फरों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल की जबकि साथी खिलाड़ी अदिति अशोक दो अंडर 70 के कार्ड से संयुक्त सातवें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीय गोल्फरों में अवनि प्रशांत इवन पार 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर हैं जबकि प्रणवी उर्स (73) संयुक्त 33वें स्थान पर बनी हुई है। दीक्षा दक्षिण अफ्रीका की नादिया वैन डेर वेस्टहुइजेन, स्विट्जरलैंड की मोर्गाने मेट्रॉक्स और इंग्लैंड की ब्रोंटे लॉ के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाए हुए थीं।

# फाइनल में इंग्लैंड, चोटिल कप्तान साइवर-ब्रंट ने खेली तूफानी पारी

## महिला टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| लंदन

कप्तान नैट साइवर-ब्रंट की चोट के बावजूद खेली गई 75 रन की शानदार पारी की मदद से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया से होगा।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद साइवर-ब्रंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट (58) ने चौथे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज तंजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन और लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए।



रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

### मारिजान काप ने बनाए केवल 5 रन

*दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद मारिजान काप पर टिकी थी लेकिन टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह ऑलराउंडर केवल पांच रन ही बना सकी। उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद भी खत्म हो गई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि दोनों टीम अजेय रहकर फाइनल में पहुंची हैं। फाइनल रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।*

दूसरा टी20

आज शाम 7 बजे से भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला

# सूर्यवंशी के डेब्यू की बढ़ती मांग सैमसन की फॉर्म पर सस्पेंस

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर

वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण की बढती मांग के बीच इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार 4 जुलाई को दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा, जो इस दौरे पर लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसमें भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे। अगले कुछ मैचों में फोकस सैमसन पर रहेगा कि वह सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका दिए जाने की बढती मांग के बीच अपनी उपयोगिता साबित कर पाते हैं या नहीं।

### सैमसन पर टीम में जगह कायम रखने का दबाव

भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे सैमसन को कम से कम एक साल तक मौका दिया जा सकता था लेकिन अब जबकि भारतीय क्रिकेट को सूर्यवंशी के रूप में एक असाधारण प्रतिभाशाली क्रिकेटर मिल गया है। ऐसे में सैमसन के लिए गलती की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है और टी20 विश्व कप का शानदार प्रदर्शन भी टीम में उनकी जगह की गारंटी नहीं हो सकता।अभिषेक शर्मा ने पिछले तीन मैचों में से दो में 49 और 59 रन बना लिए हैं, जिससे सारा दबाव अब सैमसन पर है। बारिश के कारण रद्द हुए पहले मैच में सैमसन ने सात गेंद में एक रन बनाया था और एक बार भी नहीं लगा कि वह आक्रामक खेलने के मूड में हैं। सीम लेती पिचों पर तकनीक के मामले में उनकी कमजोरी सामने आती है। आयरलैंड के तेज गेंदबाज जय मूंदड़ा ने उनकी कमजोरी का फायदा उठाकर उनका विकेट लिया।



## ग्रैंड शतरंज टूर : संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचे विश्व चैंपियन

# सफेद मोहरों से गुकेश ने अंतिम गेम में अनीश को हराया

एजेंसी ▸▸| जाग्रेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपने सफेद मोहरों का अच्छा उपयोग करते हुए दिन के अंतिम गेम में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया और ग्रैंड शतरंज टूर के ज़ाग्रेब चरण के दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ईरान के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12 में से 10 अंक हासिल करके अपनी बढ़त तीन अंक तक पहुंचा दी है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, रोमानिया के डिएक बोगदान-डैनियल और गुकेश के समान सात अंक हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञाननंदा, गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट सिर्फ दो-दो अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।



### गुकेश ने उठाया अवसरों का भरपूर फायदा

रूय लोपेज एक्सचेंज वेरिएशन में गिरी के खिलाफ मिले अवसरों का गुकेश ने भरपूर फायदा उठाया। भारतीय खिलाड़ी ने उनके राजा पर हमला किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिन की शुरुआत में, गुकेश ने बोगदान-डेनियल के खिलाफ अप्रत्याशित हार के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद फोरस्ट पर जीत हासिल की।

### प्रज्ञाननंदा को गलती करना पड़ा भारी



प्रज्ञाननंदा के लिए दिन और भी बेहतर हो सकता था, लेकिन आखिर में उन्हें अलीरेज़ा के खिलाफ एक गलती भारी पड़ी और आखिर में वह हार गए। प्रज्ञाननंदा ने फोरस्ट के खिलाफ दिन का पहला गेम जीता था।

# बेंगलुरु में हो सकता है 'ग्लोबल चेस लीग'



बेंगलुरु। 'ग्लोबल चेस लीग' के एक प्रतिनिधिमंडल ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री जी. परमेश्वर से मुलाकात कर लीग के चौथे चरण का आयोजन बेंगलुरु में कराने पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया की प्रमुख शतरंज लीग में से एक 'ग्लोबल चेस लीग' को बेंगलुरु में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की और इसके लिए युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग से सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में 'ग्लोबल चेस लीग' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव रक्षित, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी प्रचुरा पीपी और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।




### शत-प्रतिशत पदोन्नति के प्रविधान के बीच शासन की प्रक्रिया कठघरे में

# डीन भर्ती पर हाईकोर्ट सख्त, प्रदेश के पांच मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती पर अंतरिम रोक



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष शुक्रवार को यह सवाल उठा कि जब भर्ती नियम किसी पद को शत-प्रतिशत पदोन्नति से भरने का स्पष्ट प्रविधान करते हों, तब उसी पद के लिए प्रत्यक्ष भर्ती का विज्ञापन जारी करना कितना वैधानिक है? मध्य प्रदेश के पांच मेडिकल कालेजों में डीन नियुक्ति के मामले को मप्र हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया नियमों के उल्लंघन का मामला माना । जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने बुरहानपुर, उमरिया, दमोह सहित पांच नवीन मेडिकल कालेजों में डीन पद पर प्रत्यक्ष भर्ती की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी । 18 मई 2026 के विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य शासन से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है।

रीवा के वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्रोफेसर डा. मनोज इंदूलकर की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा भर्ती नियम, 2023 के अनुसार डीन का पद 100 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाना अनिवार्य है। ऐसे में प्रत्यक्ष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करना नियमों के प्रतिकूल और विधिसम्मत प्रक्रिया का उल्लंघन है। दावा किया गया कि डीन का पद नियमों के अनुसार 100% पदोन्नति से भरा जाना है। आदेश के बाद 2024 में प्रत्यक्ष भर्ती से नियुक्त 18 डीन की वैधानिकता पर भी सवाल उठाए गए।

### हाईकोर्ट से दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

# जहरीले कफ सिरप से 24 मासूम बच्चों की मौत के आरोपी डॉक्टर को राहत नहीं

**जबलपुर।** जहरीले कफ सिरप से 24 मासूम बच्चों की मौत के आरोपी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी को मप्र हाईकोर्ट से दूसरी बार भी झटका लगा है। जस्टिस एके निरंकारी की सिंगल बेंच ने कहा कि पहली अर्जी के समय से अब तक मामले की परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया है, इसलिए जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। यह कहते हुए कोर्ट ने सोनी की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज कर दी।जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने पहली जमानत अर्जी 17 फरवरी को खारिज कर दी थी। दरअसल, छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सीरप से 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंदवाड़ा में अधिकतर को डा. प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सीरप प्रिस्क्राइब किया था। जांच में पुलिस ने पाया कि जिस कोलड्रिफ कफ सिरप को डॉ. सोनी मरीजों को लिखते थे, उसकी बिक्री उनकी पत्नी ज्योति सोनी के मेडिकल स्टोर से की जाती थी।छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कफ सीरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डा. प्रवीण सोनी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था। जिला न्यायालय व मप्र हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी डाक्टर की जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। जिसके बाद आरोपी डाक्टर ने जमानत के लिए दूसरी बार हाईकोर्ट की शरण ली थी। राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता सीएम तिवारी ने पैरवी की।

### जिला सत्र न्यायालय का सख्त फैसला, छह हजार जुर्माना, पीड़िता को प्रतिकर दिलाने के निर्देश

# ट्यूशन पढ़ने आया छात्र बना दरिंदा : महिला टीचर से दुष्कर्म पर 10 साल की सजा

**जबलपुर।** शिक्षक व छात्र का रिश्ता विश्वास पर टिका होता है, लेकिन जब वही विश्वास अपराध में बदल जाए तो कानून भी कठोर संदेश देता है। ट्यूशन पढ़ने आने वाले छात्र द्वारा महिला शिक्षिका से दुष्कर्म किए जाने के छह वर्ष पुराने मामले में जबलपुर जिला सत्र न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर कुल छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है तथा पीड़िता को मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए हैं। अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी मोहम्मद हामिद अंसारी को दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया।

अभियोजन के अनुसार गोहलपुर क्षेत्र की एक विधवा महिला बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के साथ सिलाई कर अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण करती थी। इसी दौरान मोहम्मद हामिद अंसारी उसके यहां ट्यूशन पढ़ने आता था। परिचय और विश्वास का लाभ उठाकर उसने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने 30 मार्च, 2020 को महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और विवेचना पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध कर 10 वर्ष के कठोर कारावास, छह हजार रुपये के अर्थदंड तथा पीड़िता को प्रतिकर दिलाने के आदेश दिए।

### 20 जुलाई को 3313 अधिवक्ता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की रणभेरी बजी



**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। चुनाव के लिए 20 जुलाई सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। चुनाव में 3313 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 6 से 8 जुलाई तक नामांकन पत्र वितरण और जमा किए जाएंगे। 9 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 10 एवं जुलाई को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 13 जुलाई को प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 21 जुलाई को सुबह 10.30 बजे मतगणना शुरू की जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ में अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव और 12 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। इस वर्ष दो उपाध्यक्ष पदों में से एक पद महिला अधिवक्ता के आरक्षित किया गया है। कोषाध्यक्ष का पद भी महिला अधिवक्ता के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी के 12 पदों में से 3 पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित रहेंगे। सभी मतदाताओं को निर्धारित पदों की संख्या के अनुसार अनिवार्य रूप से मतदान करना होगा। उपाध्यक्ष के दोनों पदों के लिए और कार्यकारिणी के सभी 12 पदों पर मतदान करना आवश्यक है। यदि कोई मतदाता निर्धारित संख्या में मतदान नहीं करता है तो उसका मतपत्र अवैध माना जाएगा। इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी रजनीश यादव, जय सचदेवा, सुभाष शुक्ला ,संजय सोनी भी मौजूद थे।

### हल्की बारिश से हवाओं में ठंडक घुली

# सुस्त मानसून में अब गति आने की संभावना

**जबलपुर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून जबलपुर आ चुका है। लेकिन अभी मानसून की सक्रियता तेज नहीं है। लिहाजा हल्की बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कही-कही तेज हवाओं के बीच वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई 1 इंच बारिश ने हवाओं में ठंडक घोल दी। जबलपुर में अब मानसून के बादल पूरी तरह छा गए हैं। पिछले कुछ दिनों से मानसून सुस्त चाल चल रहा है, इसमें अब गति आने की संभावना है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में मानसून का नया सिस्टम बनना शुरू हो गया है। अगले तीन -चार दिनों में मानसूनी बादल आगे बढ़ सकते हैं। उसके बाद ही अच्छी बारिश के आसार बनेंगे। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 98 प्रतिशत और सायंकाल 96 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 27.5 मिमी वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 101.02 मिमी (लगभग 4 इंच) दर्ज किया जा चुका है। पश्चिमी हवाएं



4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.30 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 232.6 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

### पाटन उपजेल में मुलाकात के दौरान हंगामा

# जेल प्रहरियों से गाली-गलौज व धमकी, मामला दर्ज

**जबलपुर।** पाटन स्थित उपजेल में बंदी से बिना निर्धारित प्रक्रिया के मुलाकात करने पहुंचे कुछ लोगों ने जेल परिसर में हंगामा कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर दी। आरोप है कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरियों से गाली-गलौज की, धमकियां दीं और मारपीट पर उतारू हो गए। मामले में पाटन थाना पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, उपजेल पाटन में पदस्थ प्रहरी 37 वर्षीय सुनील पंद्रो गुरुवार दोपहर करीब एक बजे ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान बंदी दुर्गेश मेहरा, निवासी ग्राम सुंदरादेही, थाना बेलखेड़ा से मुलाकात करने के लिए उसके परिचित रविंद्र सिंह लोधी, राधे सिंह, जितेंद्र, सुनील, सुरेंद्र ठाकुर, अज्जू और भगवान सिंह जेल पहुंचे।

पुलिस में की गई शिकायत के मुताबिक, सभी लोग नशे की हालत में प्रतीत हो रहे थे। जेल नियमों के तहत पहचान के लिए आधार कार्ड मांगे जाने पर किसी ने भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। इसके बावजूद वे जबरन जेल परिसर में प्रवेश कर बंदी से मिलने की जिद करने लगे। ड्यूटी पर मौजूद महिला प्रहरी रोशनी उपाध्याय ने उन्हें नियमों की जानकारी देते हुए बिना प्रक्रिया पूरी किए मुलाकात नहीं होने की बात कही। इस पर आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए मारपीट पर आमादा हो गए।

इसी दौरान वहां पहुंचे कर्मचारी नंदकिशोर की नेम प्लेट पढ़कर आरोपियों ने उन्हें तथा अन्य जेल कर्मचारियों को भी कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। बाद में बंदी दुर्गेश मेहरा से आरोपियों की पहचान होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

पाटन थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 221, 132, 191(2) और 351(3) के साथ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्त नगर पालिका अधिकारी के घर जबलपुर ईओडब्ल्यू का छापा

**जबलपुर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने शुक्रवार सुबह नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की। नगर पालिका के सेवानिवृत्त सहायक निरीक्षक योगेंद्र ढिमोले के एमपीईबी कॉलोनी स्थित आवास पर डीएसपी मनजीत सिंह के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम ने तलाशी वारंट के साथ छापा मारकर जांच शुरू की। बताया गया है कि ढिमोले अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त हुए थे और इससे पहले लखनादौन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार भी संभाल चुके हैं।प्रारंभिक जांच में ढिमोले के नाम पर गाडरवारा में दो प्लॉटों पर बने मकान, लखनादौन में एक मकान, एक खाली प्लॉट और दो कृषि भूमि होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा उनके बेटे के नाम पर एक दुकान भी मिली है। जांच में एक कार, थार, तीन मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मिक्सर मशीन सहित कई वाहन भी सामने आए हैं।

### रिछाई में हादसा, सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

# नमकीन फैक्ट्री की लिफ्ट गिरने से महिला श्रमिक की मौत

**जबलपुर।** रिछाई औद्योगिक क्षेत्र स्थित अनमोल नमकीन फैक्टरी में शुक्रवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे में एक महिला श्रमिक की मालवाहक लिफ्ट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद फैक्टरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। साथी श्रमिकों ने महिला को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद फैक्टरी प्रबंधन की लापरवाही भी सामने आई है। श्रमिकों का आरोप है कि घटना के समय फैक्टरी में प्रबंधन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था और हादसे के करीब एक घंटे बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे महिला श्रमिक मालती केवट मालवाहक लिफ्ट के पास नमकीन के पैकेट समेट रही थी। इसी दौरान ऊपर लगी भारी मालवाहक लिफ्ट अचानक नीचे आ गिरी और वह उसकी चपेट में आ गई। लिफ्ट के नीचे दबने से मालती गंभीर रूप से घायल हो गई। साथी श्रमिक तत्काल उसकी ओर दौड़े और काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट को उठाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। प्रत्यक्षदर्शी श्रमिक राम यादव ने बताया कि तेज आवाज सुनते ही आसपास काम कर रहे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और महिला को बचाने का प्रयास किया। हादसा इतना भीषण था कि किसी को संभलने तक का



मौका नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी जांच के बाद ही हादसे के सही कारणों का पता चल सकेगा। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मालवाहक लिफ्ट को संभालने वाली लोहे की रस्सी टूटने से यह हादसा हुआ। श्रमिकों का कहना है कि रस्सी काफी समय से कमजोर हो चुकी थी और इसकी जानकारी कई बार फैक्टरी प्रबंधन को दी गई थी, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते मरम्मत या बदलाव कराया जाता तो यह हादसा टल सकता था।

कुछ कर्मचारियों ने बताया कि घटना के समय महिला लिफ्ट के आसपास सफाई कर रही थी। वहीं अन्य श्रमिकों का कहना है कि वह नमकीन के पैकेट समेट रही थी। पुलिस दोनों पहलुओं को जांच में शामिल कर रही है। हादसे के बाद फैक्टरी प्रबंधन की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय फैक्टरी में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। सूचना देने के बावजूद प्रबंधन के जिम्मेदार लोग करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे। इस दौरान घायल महिला को निकालने और स्थिति संभालने की पूरी जिम्मेदारी श्रमिकों पर ही रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे ने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था और फैक्टरी प्रबंधन की जवाबदेही को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### लापरवाही की आशंका

प्रारंभिक जांच में लिफ्ट के रखरखाव में लापरवाही की बात सामने आ रही है। स्थानीय श्रमिकों का आरोप है कि लिफ्ट काफी पुरानी थी और कई बार इसकी शिकायत प्रबंधन से की गई थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन और लिफ्ट मेंटेनेंस कंपनी के खिलाफ जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### श्रम विभाग भी करेगा जांच

घटना की गंभीरता को देखते हुए श्रम विभाग की टीम भी जांच करेगी। यह देखा जाएगा कि कारखाने में सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा था या नहीं। साथ ही यह भी जांच होगी कि लिफ्ट का समय पर निरीक्षण और रखरखाव कराया गया था या नहीं।

### गोसलपुर और बरेला पुलिस संयुक्त रुप से कर रही जांच

# शादी के तीसरे दिन दुल्हन लापता

**जबलपुर।** जिले में शादी के महज तीन दिन बाद नवविवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी करीब तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर पहनकर घर से निकली थी और उसके बाद नहीं लौटी। शिकायत मिलने पर गोसलपुर और बरेला थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।



गोसलपुर निवासी गौतम यादव ने पुलिस को बताया कि परिवार की सहमति से बरेला क्षेत्र निवासी चौहानी यादव से उनका विवाह तय हुआ था। 21 जून को बारात बरेला गई और 22 जून को विदाई के बाद दुल्हन ससुराल आ गई। अगले दिन पत्नी ने अपनी मौसी के विवाह समारोह में जाने की इच्छा जताई, जिस पर दोनों बुढ़ागर पहुंचे। वहां से उसने बंजारी माता मंदिर में दर्शन करने की बात कही और बाजार की ओर निकल गए।

#### स्टूडियो में इंतजार करवाया फिर नहीं लौटी

गौतम के अनुसार बाजार पहुंचने पर पत्नी ने पहले शादी की तस्वीरें स्टूडियो से लेने की बात कही। स्टूडियो पहुंचने के बाद उसने पति से वहीं रुकने को कहा और पास के ब्यूटी पार्लर से 10 मिनट में लौटने की बात कहकर चली गई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब वह वापस नहीं आई तो गौतम ने आसपास तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और ससुराल पक्ष से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पति ने बताया कि विवाह में पत्नी को करीब तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर दिए गए थे, जिनमें मंगलसूत्र, कंगन, पायल, बिछिया, करधनी समेत अन्य आभूषण शामिल थे। उनका आरोप है कि महिला सभी जेवर पहनकर घर से निकली थी। उन्होंने बताया कि दोनों परिवारों का परिचय उनकी बुआ के माध्यम से हुआ था। करीब दो माह पहले दोनों परिवारों की मुलाकात हुई, लड़का-लड़की की सहमति के बाद जून में विवाह संपन्न हुआ।

#### पुलिस दोनों थानों के समन्वय से कर रही जांच

बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि गौतम यादव की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शिकायत के अनुसार महिला 24 जून से लापता है। मामले में गोसलपुर थाना पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जांच के निष्कर्ष के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु